आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 128 | उज्जैन, रविवार 24 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 8 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रूबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है।

### पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। आज आयोजित हुए 19वें रोजगार मेले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। यह भव्य और महत्वपूर्ण कार्यक्रम देश के 47 अलग अलग केंद्रों पर एक साथ आयोजित किया गया था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के युवाओं से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई दी और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस बड़े आयोजन के बाद अब चयनित युवा रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग और अन्य कई केंद्रीय मंत्रालयों में सरकारी सेवाओं के माध्यम से अपने जीवन के एक नए सफर की शुरूआत करने जा रहे हैं।

### धुरंधर सिंगर जैस्मीन सैंडलास के कॉन्सर्ट में अफरा-तफरी



**दर्शकों के पास लगा बैरिकेड अचानक टूटा लोग गिरे, सिंगर ने बीच में रोका परफॉर्मेंस**

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर जैस्मीन सैंडलस के देहरादून लाइव कॉन्सर्ट में अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। 19 मई को हुए इस कॉन्सर्ट के दौरान दर्शकों के एरिया के पास लगा एक बैरिकेड अचानक टूट कर गिर गया। इससे आगे खड़े कई लोग अपना संतुलन खोकर गिर पड़े। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि जैस्मीन सैंडलास स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं। तभी अचानक दर्शकों के बिल्कुल सामने वाले हिस्से का बैरिकेड टूट गया। घटना के बाद सिंगर ने तुरंत अपना परफॉर्मेंस रोक दिया और अपनी पर्सनल टीम को सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने को कहा। सिंगर ने सुरक्षाकर्मियों को बताया आक्रामक जैस्मीन ने स्टेज से माइक पर कहा, मुझे बहुत दुख है कि ऐसा हो रहा है। क्या मेरी इंटरनल टीम इसे संभाल सकती है? मैं चाहती हूं कि मेरी पूरी टीम तुरंत आकर इस मामले को सुलझाए। यहां के सुरक्षाकर्मी काफी आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं। इसके बाद सिंगर स्टेज पर 'वाहेगुरु' का नाम लेती हुई भी सुनाई दीं। जैस्मीन की टीम ने तुरंत दखल देकर स्थिति को नियंत्रित किया, जिसके बाद हालात सामान्य हुए। 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी के गानों से मिली कामयाबी जैस्मीन सैंडलास इन दिनों 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी के गानों की सफलता को लेकर चर्चा में हैं। इस फ्रेंचाइजी में उनके गाए गाने 'शरारत', 'मैं और तू' और 'जाइए सजना' को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इन गानों की कामयाबी के बाद वे एक बार फिर बॉलीवुड और पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के सबसे चर्चित चेहरों में शामिल हो गई हैं। अमेरिका में बेहद तंगहाली में बीता बचपन जैस्मीन ने हाल ही में रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में अपने शुरुआती दिनों के संघर्षों के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था कि जब उनका परिवार अमेरिका के न्यूयॉर्क पहुंचा, तो उन्हें अंग्रेजी नहीं आती थी। उनके पिता ने स्थानीय स्कूल में उनका एडमिशन कराया। वे लोग एक बेडरूम के एक छोटे से अपार्टमेंट में रहते थे, जो कम आय वाले परिवारों के लिए था।

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी।

### चीन की कोयला खदान में भीषण धमाके से 90 की जान गई

**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक बड़े कोयला खदान हादसे में अब तक 90 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 9 लोग अभी भी लापता हैं। यह बीते एक दशन में चीन का सबसे बड़ा कोयला खदान हादसा माना जा रहा है। यह धमाका शुक्रवार को शांक्सी प्रांत के किनयुआन काउंटी की एक कोयला खदान में हुआ। यह इलाका राजधानी बीजिंग से करीब 520 किमी दूर है। हादसे से पहले खदान में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का अलर्ट जारी किया गया था। इसके कुछ देर बाद जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे के समय खदान के अंदर 247 मजदूर काम कर रहे थे। धमाके के बाद कई मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन कई लोग अंदर फंस गए। अब तक 90 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। राहत और बचाव दल लगातार लापता मजदूरों की तलाश कर रहे हैं।

---


मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 11 राज्यों में 40 डिग्री से 47 डिग्री तापमान, अगले 2 दिन राहत नहीं

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें, यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं। राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं।



### दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में सभी भारत के

- प्राइवेट एजेंसी एक्यूआई के मुताबिक शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे।
- सुबह 10.50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा। दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री से ज्यादा था। ये सभी शहर भारत के थे।

पुलिस ने भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों को राहत दी

## ट्रैफिक जवानों को कूलिंग जैकेट बांटे

एजेंसी ▸▸ रांची

रांची पुलिस ने भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों को राहत देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक कूलिंग जैकेट का ट्रायल शुरू किया है। पुलिस की इस नई पहल को जवानों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर कार्य प्रदर्शन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इन विशेष जैकेटों में इन-बिल्ट फैन सिस्टम लगाया गया है, जो लगातार हवा का प्रवाह बनाए रखता है और शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इससे ट्रैफिक पुलिसकर्मी तेज गर्मी के बीच भी लंबे समय तक आरामदायक तरीके से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। जैकेट पावर बैंक से संचालित होती है और एक बार चार्ज होने पर करीब आठ घंटे तक लगातार काम करती है। इसके अलावा जैकेट का कपड़ा सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे तेज धूप और हानिकारक किरणों से बचाव होता है। रात के समय ड्यूटी के दौरान जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जैकेट में रिफ्लेक्टिव रेडियम स्ट्रिप्स भी लगाई गई हैं, ताकि दूर से ही उनकी पहचान आसानी से हो सके।

---

# शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव 25-26 मई को

शिप्रा तीर्थ परिक्रमा लगभग 22 वर्ष पूर्व शिप्रा तट से प्रारंभ हुई थी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ शिप्रा को 351 फिट की चुनरी अर्पित करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव 25-26 मई को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 26 मई को मां शिप्रा को 351 फीट की चुनरी इस दौरान चढाएंगे। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा लगभग 22 वर्ष पूर्व शिप्रा तट से प्रारंभ हुई थी।

शिप्रा लोक संस्कृति समिति एवं महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन), उज्जैन विकास प्राधिकरण, रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा अवंतिकापुरी तथा जिला प्रशासन उज्जैन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार को शोध पीठ कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें रवि सोलंकी यूडीए अध्यक्ष, संत रामेश्वर दास महाराज कार्यकारी अध्यक्ष शिप्रातीर्थ परिक्रमा, शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव नरेश शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी, दिलीप सोनी कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय ने कार्यकम की जानकारी दी। उनके अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का यह आयोजन किया जाएगा।



अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई

## पवित्र गुफा में 6 से 7 फीट का शिवलिंग बना, यात्रा 3 जुलाई से

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर



अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग आकार ले चुका है।

इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है। इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं।

---

## अगर सिंधिया कांग्रेस में वापस आते हैं, तो हम उन्हें नहीं लेंगे : अजय सिंह

### अगर उन्हें पार्टी में लिया तो मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के गांधी भवन में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल ने ऐसा बयान दिया जिसने प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी।


कार्यक्रम के दौरान जब कार्यकर्ताओं की ओर से सवाल उठा कि यदि भविष्य में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो क्या पार्टी छोड़कर गए नेताओं की वापसी होगी, तब अजय सिंह ने बिना लाग-लपेट जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद कांग्रेस को किसी गद्दार की जरूरत नहीं होगी। हालांकि चुनावी परिस्थितियों में कुछ नेताओं की वापसी पर विचार किया जा सकता है। लेकिन माहौल तब और गर्म हो गया जब सवाल सीधे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की संभावित वापसी पर पहुंचा। इस पर अजय सिंह ने दो टूक कहा अगर सिंधिया कांग्रेस में वापस आते हैं, तो हम उन्हें नहीं लेंगे और अगर इसके बाद भी उन्हें पार्टी में लिया जाता है, तो मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। उनके इस बयान को मंच पर मौजूद कांग्रेस मीडिया विभाग के नेता केके मिश्रा ने भी समर्थन दिया, जिसके बाद कार्यक्रम राजनीतिक संदेशों का केंद्र बन गया।

## एक्ट्रेस ट्विशा का पति समर्थ 7 दिन की रिमांड पर

### पासपोर्ट जब्त करने के आदेश, आज दिल्ली एम्स की टीम दोबारा पोस्टमॉर्टम करेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल





एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह को शनिवार को भोपाल जिला कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने समर्थ की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। वहीं, ट्विशा के परिजनों की ओर से दिए गए आवेदन पर कोर्ट ने समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने के भी आदेश दिए हैं। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पुलिस समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर पहुंची थी। उसे कटारा हिल्स थाने में रखा गया। थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर फोर्स तैनात रही। कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने भोपाल के जेपी हॉस्पिटल में उसका मेडिकल टेस्ट भी कराया।

ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम रविवार को होगा। इसके लिए एम्स दिल्ली ने चार वरिष्ठ डॉक्टरों की मेडिकल टीम बनाई है। यह टीम आधुनिक उपकरणों के साथ राज्य सरकार के चार्टर्ड विमान से रवाना होकर देर रात भोपाल पहुंची।

### ट्विशा का मेकअप कराते आखिरी वीडियो आया

इधर, ट्विशा शर्मा के आखिरी मेकअप का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें वह ससुराल के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर में तैयार होती नजर आ रही है। वीडियो में वह सामान्य और रिलैक्स दिखाई दे रही है। पुलिस ने फुटेज जब्त कर लिया है। ब्यूटी पार्लर ट्विशा के ससुराल से करीब 100 मीटर दूर बताया गया है।

## बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे।

## पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पेट्रोलियम कंपनियों ने 9 दिन के भीतर तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शनिवार को पेट्रोल की कीमत 87 पैसे और डीजल की कीमत 91 पैसे प्रतिलीटर बढ़ाई गई है। इसके चलते मध्य प्रदेश में पेट्रोल 1 रुपए या इससे ज्यादा महंगा हुआ है।

इसी महीने मध्य प्रदेश समेत देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम तीन बार बढ़ाए जा चुके हैं। 15 मई को पहली बार करीब 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। 19 मई को दूसरी बार करीब 90 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। आज की बढ़ोतरी के बाद मई में पेट्रोल-डीजल के दाम कुल मिलाकर करीब 5 रुपये प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी का दावा

# वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

### फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा- मैं भी कॉकरोच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया। पार्टी ने सुबह 8.25 बजे पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे।

अभिजीत ने लिखा- सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते।




इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने कॉकरोच मूवमेंट का समर्थन किया है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा- मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं।'

### 8 दिन में सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स

सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।



## महाकाल श्रृंगार




ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## भरपूर सांस्कृतिकता को समेटे रहेगा दो दिवसीय आयोजन

# शिप्रा को चुनरी अर्पण आयोजन में शामिल होगा नौ सेना का बैंड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 मई को किया जा रहा है। इस दौरान 26 मई को शिप्रा के चुनरी अर्पण आयोजन में प्रदेश में पहली बार नौ सेना का बैंड शामिल होगा। आयोजन में प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर एवं उनकी टीम (दरभंगा) द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुति दी जाएगी। 26 मई तक प्रतिदिन सायं 7:30 बजे हरि कथा (पं. ढोली बुवा, उज्जैन)। 25 मई को दत्त अखाड़ा में सायं 6 बजे श्रेयश शुक्ला (इंदौर) एवं संजो बघेल (जबलपुर) द्वारा विशेष प्रस्तुति।

उज्जैन विकास प्राधिकरण, रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा अवंतिकापुरी तथा जिला प्रशासन उज्जैन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार को शोध पीठ कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, संत रामेश्वर दास महाराज कार्यकारी अध्यक्ष शिवप्रतीर्थ परिक्रमा, शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव नरेश शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी, दिलीप सोनी कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय ने शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी कार्यकम की जानकारी दी। उनके अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का यह आयोजन किया जाएगा।





### यात्रा शुभारंभ में ये रहेंगे

इस आयोजन के अंतर्गत द्विदिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा आयोजित की जाएगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु सहभागिता करेंगे। परिक्रमा में सम्मिलित श्रद्धालु शिप्रा तट पर स्थित पौराणिक तीर्थों के दर्शन-पूजन का लाभ लेंगे। 25 मई को प्रातः रामघाट से यात्रा का शुभारंभ अनिल फिरोजिया (सांसद, उज्जैन-आलोट), बालयोगी संत उमेश नाथ महाराज (राज्यसभा सांसद), अनिल जैन कालूखेड़ा (विधायक, उज्जैन उत्तर), मुकेश टटवाल (महापौर, उज्जैन नगर पालिक निगम), कलावती यादव (सभापति, उज्जैन नगर पालिका निगम), डॉ. रवि सोलंकी (अध्यक्ष, उज्जैन विकास प्राधिकरण), ओम जैन (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना) सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

26 मई को सायं 5 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माँ शिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर भक्ति संगीत एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

### परिक्रमा में पुरातत्व एवं पर्यावरण दल

शिप्रा नदी अपने गर्भ में अनेक पुरातात्विक रहस्यों को समेटे हुए है। समय-समय पर नदी से उत्खनन के दौरान प्राचीन सिक्के, मूर्तियां एवं अन्य ऐतिहासिक धरोहरें प्राप्त हुई हैं, जो इसके गौरवशाली अतीत का प्रमाण हैं। इन्हीं पहलुओं के अध्ययन हेतु परिक्रमा के दौरान एक विशेष पुरातत्व दल डॉ. रमन सोलंकी (पुराविद्) के नेतृत्व में साथ रहता है, जो नदी से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों एवं अवशेषों का अवलोकन करता है। साथ ही, एक पर्यावरण दल भी परिक्रमा में शामिल रहता है, जो अपने साथ बीज लेकर चलता है और मार्ग में उनका बीजारोपण करता है। इस पहल से शिप्रा के तटों पर हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाता है। महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन) के निदेशक श्रीराम तिवारी एवं आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं, नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अपील की है कि वे इस पवित्र आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर धार्मिक आस्था के साथ-साथ जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान का हिस्सा बनें।

## अनियंत्रित अधिकारी काम बिगाड़ रहे

महाआयोजन की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। तैयारियों के लिए हर काम में तेजी लाना और उसे समयावधि में पूरा किया जाना ही हितकर एवं आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ देगा, अन्यथा महाआयोजन के बाद एकदम से इनमें से अधिकांश काम अनुपयोगी ही रहने वाले हैं। भविष्य में जरूर इन कामों से शहर में चौतरफा विकास दौड़ लगाएगा। इन कामों के तहत सडकों का निर्माण बहुत ही गंभीर मुद्दा है। प्रदेश के औद्योगिक राजधानी एवं देवी अहिल्या की नगरी से बाबा की नगरी को जोड़ने के लिए एक कम समय की अवधि वाला मार्ग निर्माण विभागीय अधिकारियों की अदूरदर्शिता एवं असमन्वय की भेंट चढ़ने के हाल बने हैं। कुटील अधिकारी यहां आपस में ही चोंट पहुंचा चुके हैं और महाआयोजन के काम का बिगाडा करने पर उतारू हो गए हैं। प्रस्तावित इस मार्ग में अहिल्या की नगरी से ग्रामीण अंचल के एक गांव में विकास का रोड मेप बनाने वाले विभाग ने कालोनी के लिए नक्शा स्वीकृत किया और अन्य विभागों ने सभी अनुमति देते हुए लायसेंस दे दिया। प्रमुख संस्था से भी प्रमाणिकरण हो गया। इसके बाद सड़क बनाने वाले विभाग ने हवा में सर्वे किया। महीनों बाद जमीन अधिगृहण के लिए अपनी सूचना जारी की। इसमें भी कालोनी की जमीन का कोई जिक्र नहीं किया और न ही सर्वे आधार पर उस जमीन को छोड़ा गया। बकायदा जमीन को सड़क में लिया गया। इससे दोनों विभागों के बीच का असमन्वय सीधे तौर पर उजागर हो गया है। अहिल्यानगरी के सडक बनाने वाले निगम के इनके बड़े साहब शर्मनाक गलती के बाद भी इतनी नाक रख रहे हैं कि हठधर्मिता के तहत प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ को ही योजना के संबंध में जवाब देना तक उचित नहीं समझ रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि प्रजातंत्र में प्रजा ही राजा है लेकिन ये ऐसा राजा है जो जमीन पर बैठता है एवं काले अंग्रेजों के सामने खडा रहता है। आजादी चाहे मिल गई हो लेकिन मानसिक गुलामी अब भी सीधे से बरकरार है। अब समय आ चुका है जब देश एवं जनता के जनधन के नुकसान की भरपाई सीधे तौर पर नौकरशाहों से करवाए जाने को लेकर कार्रवाई होना चाहिए। सत्ता में बैठे लोकतंत्र के रक्षकों को इसके लिए सीरे से पहल करने की अब मुख्य जरूरतें हैं। अन्यथा नोकरशाह अपने लाभ के लिए देश एवं जनता के जनधन को नुकसान पहुंचाते रहेंगे जैसे इस मामले में देवी अहिल्या नगरी के सड़क निर्माण निगम के कर्णधार पहुंचा रहे हैं। तय है इस मामले से सड़क के निर्माण की कीमत किसी भी फैसले के तहत बढ़ेगी। चाहे रहवासी जमीन का अधिक मुआवजा देकर, चाहे ब्रिज बनाकर, चाहे भूमि को बायपास कर जैसे भी यह निर्माण होगा इसकी कीमत बढ़ेगी।




## सिंहस्थ में बनी नक्काशीदार लाल पत्थर की रोटरियों की हालत खस्ता

# उजड़ रही चौराहों की सुंदरता, पत्थर भी उखड़े

### धूल से बदल गया रंग, लाखों की लागत बेकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर को सुंदर बनाने के लिए मुख्य चौराहों पर लाखों रुपए खर्च कर नक्काशीदार लाल पत्थरों से रोटरियां बनाई गई थीं। रखरखाव के अभाव में इनकी हालत बहुत खराब हो गई है जो रोटरियां कभी चौराहों की शान थीं, अब वही बदसूरत दिखने लगी हैं।

शहर के कई प्रमुख चौराहों पर बनी इन रोटरियों के लाल पत्थर जगह-जगह से उखड़ गए हैं। कई पत्थर टूटकर गिर चुके हैं। रोटरियों की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पहले ये रोटरियां लोगों को अपनी ओर खींचती थीं, लेकिन अब इनकी हालत दयनीय हो गई है।



### धूल की परत से मिट गई चमक

साफ-सफाई न होने के कारण रोटरियों के पत्थरों पर धूल और मिट्टी की मोटी परत जम गई है। इससे लाल पत्थरों का चमकीला रंग पूरी तरह बदल गया है। धूल के कारण पत्थरों पर बनी सुंदर नक्काशी भी ठीक से दिखाई नहीं देती। दूर से देखने पर ये रोटरियां पुरानी और बेजान लगती हैं।

### सिंहस्थ में हुआ था सौंदर्यीकरण

सिंहस्थ 2016 के समय शहर में बड़े स्तर पर काम कराए गए थे। इसी के तहत मुख्य चौराहों और सड़कों के किनारे खाली जगहों को सुंदर बनाया गया था। चौराहों पर नक्काशीदार लाल पत्थर की रोटरियां बनाई गईं, ताकि देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को शहर सुंदर और व्यवस्थित लगे।

### लाखों खर्च, फिर भी कोई सुध नहीं

- इन रोटरियों को बनाने में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हुए थे। लेकिन बनने के बाद इनकी देखभाल नहीं की गई। समय पर मरम्मत और सफाई न होने से रोटरियां धीरे-धीरे खराब होती जा रही हैं। पत्थर उखड़ने और टूटने से चौराहों की सुंदरता खत्म हो रही है।
- शहर के लोगों का कहना है कि अगर ध्यान नहीं दिया गया तो ये रोटरियां पूरी तरह खराब हो जाएंगी। प्रशासन को जल्द इनकी मरम्मत और साफ-सफाई करानी चाहिए, ताकि चौराहों की सुंदरता बनी रहे।

## शहर में पूरे प्रेशर से नहीं हो रहा पेयजल प्रदाय

# मई माह में आज दूसरी बार नल नहीं चलेंगे

### शहर में होगा नियमित जल प्रदाय गंभीर डेम में है पर्याप्त पानी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में पेयजल प्रदाय को लेकर संशय की स्थिति बन रही है। पीएचई के एक दिन छोडकर जल प्रदाय के प्रस्ताव को विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष सहित पार्षदों ने गंभीर डेम पर पहुंचकर जल राशि का निरीक्षण कर जांचा है। इसके बाद स्पष्ट किया गया कि गंभीर डेम में पर्याप्त पानी है शहर में नियमित जल प्रदाय होगा।

शहर की जलप्रदाय की व्यवस्था गंभीर डेम पर निर्भर है। 2250 एमसीएफटी क्षमता के गंभीर डेम में पर्याप्त पानी के बावजूद सप्लाय को लेकर आए दिन समस्या की स्थिति सामने आ रही है। जल प्रदाय में प्रेशर का अभाव एवं टंकियों के पर्याप्त न भर पाने की समस्या को देखते हुए अप्रेल प्रारंभ में पीएचई ने एक दिन छोड़कर जल प्रदाय का प्रस्ताव परिषद को दिया था। मई माह में ही तीसरी बार रविवार को जल प्रदाय नहीं होने की स्थिति बनी है। ऐसे में शनिवार को पूर्वान्ह में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं पार्षद एक साथ ट्रेवलर गाड़ी में बैठकर गंभीर बांध पहुंचे थे। गंभीर डेम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर की जल आपूर्ति का मुख्य केंद्र गंभीर बांध में पर्याप्त पानी है। गंभीर बांध में 350 एमसीएफटी पानी है इसलिए नियमित रूप से शहर में जल प्रदाय किया जाएगा।

### विकास कार्यों से प्रभावित हो रही जल प्रदाय व्यवस्था

इस दौरान स्पष्ट किया गया कि शहर में जो मार्ग चौड़ीकरण, निर्माण एवं विकास कार्य चल रहे हैं जिसके कारण पानी की लाइन लीकेज की समस्या होती है, पीएचई विभाग द्वारा उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया जाकर पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। गंभीर डेम पर निरीक्षण के दौरान विधायक, महापौर एवं निगम अध्यक्ष द्वारा वार्ड पार्षदों द्वारा पेयजल को लेकर जो समस्याएं बताई गई उनको गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस दौरान कहा कि प्रति दिन जल प्रदाय के मान से सूचारू संचालन में कई मुद्दे आ रहे हैं उनका निराकरण किया जाएगा।

## टंकी चौराहा पर मार्किंग कर शेष चिन्हित भवनों को शीघ्र हटाएं : अभिलाष मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ महापर्व को विश्वस्तरीय बनाने के लिए शहर में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि टंकी चौराहा पर शेष चिन्हित भवनों की मार्किंग कर ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार शीघ्र हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने साफ कहा कि चौड़ीकरण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त को बताया गया कि टंकी चौराहा पर टंकी के डिस्मेंटल का कार्य प्रगतिरत है। दूसरी साइड से विद्युत विभाग कार्यालय को हटा दिया गया है। टंकी चौराहा से ढाबा रोड तक मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक प्रीकास्ट ड्रेन के कार्य के दौरान जहां भी जल भराव की स्थिति बने, उसे त्वरित डिवाटरिंग कराया जाए। साथ ही मार्ग में पोल शिफ्टिंग कर पीक्यूसी सड़क निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करें। आयुक्त मिश्रा ने कहा कि सभी साइड इंजीनियर अपने दायित्व के साथ कार्य करें। निगम अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन सिंह, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## महाकाल की शरण में पहुंचे रेमो डिसूजा अंकिता लोखंडे, विक्की जैन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार रात प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और फिल्म निमार्ता रेमो डिसूजा, फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे एवं अभिनेता विक्की जैन दर्शन करने पहुंचे। सभी ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की शयन आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। रेमो डिसूजा सपत्नीक, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे रात करीब 10 बजे शयन आरती में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे। सभी ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल की आरती देखी। अंकिता, रेमो और विक्की करीब आरती देखने के पश्चात उन्होंने नंदी जी का पूजन अभिषेक कर नंदी के कान में मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। आरती के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी बॉलीवुड स्टार का स्वागत एवं सत्कार किया गया। आपको बता दे ये पहला मौका नहीं है जब रेमो डिसूजा और अंकिता मंदिर में दर्शन करने आए हों। अंकिता लोखंडे कुछ दिन पहले ही अपने पति के साथ दर्शन करने पहुंची थी। वहीं रेमो भी कई बार महाकाल के दरबार में हाजरी लगा चुके हैं।

## न्यूज कॉलम

### एआई का प्रशिक्षण आज की महती आवश्यकता -कलेक्टर


**उज्जैन।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि माधवनगर के अटल सभागृह में शुक्रवार को जिले के सभी 206 हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा वर्तमान आधुनिक युग में अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों, सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग अनिवार्य हो चुका है। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के लिए कोडिंग सीखने को आज की महती आवश्यकता बताया। कलेक्टर सिंह ने प्रोजेक्ट स्वाध्याय की समीक्षा करते हुए कहा वर्तमान में केवल 6141 विद्यार्थी ही ऑनबोर्ड (पंजीकृत) हुए हैं, जबकि हमारा वास्तविक लक्ष्य 40 हजार विद्यार्थियों का है।

## ट्रेंडिंग




## 22 जून से होगा वर्षा का शुभारंभ

# मेघों में नीलक मेघ होने से अच्छी होगी वृष्टि



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करने पर वर्षा ऋतु का शुभारम्भ होता है। इस वर्ष सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश 22/06/2026 को होगा। सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश 25/05/2026 को होगा। इस तारीख से 15 दिन तक रोहिणी नक्षत्र का प्रभाव रहेगा।

ज्योतिषाचार्य डॉ. पं. शिवेश चन्द्र त्रिवेदी इस वर्ष रोहिणी नक्षत्र का निवास समुद्र में होने के कारण मेघों में नीलक मेघ होने से वृष्टि अच्छी होगी। मेघेश चन्द्र होने से भी अच्छी वर्षा होने के संकेत हैं। 25/05/2026 से ही नवतपा प्रारम्भ होगा जो 14 दिन तक चलेगा, परंतु नो दिन नोतपा कहलाता है, जो 8 जून तक प्रभावशाली रहेगा। इस अवधि में सूर्य की तपन अधिक रहेगी तथा वर्षा की संभावना बनी रहेगी। आंधी के साथ अंतिम 3 दिन वर्षा की संभावना रहेगी।

### वर्षा ऋतु में वर्षा का क्रम निम्नानुसार रहेगा



1. **द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल:** 18, 20, 23, 26, 27 जून 2026 की अवधि में अच्छी वर्षा के योग रहेंगे।
2. **आषाढ़ कृष्ण:** 12, 13, 14 जुलाई 2026 के आसपास, परेशान करने वाली बारिश की संभावना रहेगी।
3. **आषाढ़ शुक्ल:** 16 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक अच्छी वर्षा का योग है।
4. **सावन कृष्ण:** 1 अगस्त, 2, 4, 9, 10 अगस्त 2026 में अच्छी वर्षा का योग है। 30 जुलाई 2026 से 5 अगस्त 2026 तक वर्षा की खेंच रहेगी।
5. **सावन शुक्ल:** 15 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 तक अच्छी वर्षा के योग हैं। अतिवृष्टि व बाढ़ की संभावना रहेगी। नदी-तालाब उफान पर रहेंगे।
6. **भाद्रकृष्ण:** 30 अगस्त 2026 से 8 सितंबर 2026 तक लगातार अतिवृष्टि, आंधी तूफान के साथ वर्षा, नदी-नालों एवं जलाशयों में जलभराव की संभावना।
7. **भाद्रपद शुक्ल:** 13 सितंबर से 15 सितंबर 2026 के बीच भारी बारिश होगी और नदियाँ, नाले और तालाब उफान पर होंगे।
8. **आश्विन कृष्ण:** 28 सितंबर से 3 अक्टूबर 2026 तक सामान्य व छुटपुट वर्षा का योग है।
9. **आश्विन शुक्ल:** 11 अक्टूबर 2026 से 14 अक्टूबर 2026 तक खण्ड वृष्टि (छिटपुट वर्षा) होगी ।

### मघवठे की बारिश

10. **माघ कृष्ण** : 26, 27, 28 जनवरी 2027 एवं 3, 4, 5 फरवरी 2027 को मावठे की वर्षा का योग। 3, 4, 5 फरवरी 2027 को भी मावठा की बारिश का संकेत।
11. **फाल्गुन कृष्ण:** 22 फरवरी 2027 से 26 फरवरी 2027 में शीतलहर के साथ ओले की संभावना।
12. **फाल्गुन शुक्ल:** 9, 10, 11 मार्च 2027 में वायु वेग के साथ वर्षा का योग है।

36 इंच वर्षा होगी। गंभीर बांध 2 बार लबालब होगा। क्षिप्रा बड़े पुल को पार करेगी और प्रदेश की नदियां कालिसिंध, क्षिप्रा, चंबल अन्य नदियों में बाढ़ की स्थिति बनेगी।

## पदाधिकारियों का फूल मालाओं से किया स्वागत




दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले मनोहर लाल गिरी प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा समस्त संगठन के पदाधिकारियों को एकत्रित किया गया तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के एवं संयुक्त मोर्चा संगठन जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल के नेतृत्व में मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी एवं संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचन्द शर्मा व गृह निर्माण एवं अधोसरचना विकास के ओम जैन अध्यक्ष और अमित श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मोकम सिंह पटेल जिला अध्यक्ष, मोतीलाल निर्मल प्रदेश संरक्षक, हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, सुनील खत्री विभागीय अध्यक्ष, विष्णु नारायण सक्सेना, कमलेश मीणा आदि यह जानकारी जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने दी।

॥ द्वितीय पुण्यतिथि ॥



सदा आपके आशीषो की छाया है,
स्नेह आपका सदा सभी ने पाया है,
साथ बिताए पल लगता है कितने कम हैं,
इस बिछोह में आज हमारी आंखें नम हैं

स्व. श्रीमति मधु प्रमोद त्रिवेदी
द्वितीय पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रद्धानवत : अंकित-मेघना (पुत्र-पुत्रवधु),
अमृता, मलय (पुत्री-दामाद), श्री प्रमोद त्रिवेदी (मामाजी)
आरव आरुष (पौत्र), वेदांशी, जलज (नातिन)
समस्त त्रिवेदी परिवार कायथा उज्जैन,
एवं समस्त नागर परिवार (ननिहाल पक्ष)

पुण्यतिथि
24 मई 2026 रविवार

BhaskarAd.com

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 24 मई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### 25 को कलेक्ट्रेट में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित

**इंदौर।** वृद्धजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 25 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जनसुनवाई के दौरान वृद्धजनों से लगातार प्राप्त हो रही समस्याओं के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शिविर स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कहा कि वृद्धजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

### 25 मई को इंदौर जिले में होंगे गंगा दशहरा कार्यक्रम

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में गंगा दशहरा के अवसर पर 25 मई 2026 को विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं जनभागीदारी के माध्यम से जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं स्वच्छता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की साफ-सफाई, दीपदान, कलश यात्रा, भजन-कीर्तन, लोकगीत एवं जल संरक्षण विषयक व्याख्यान आयोजित होंगे। जनपद पंचायत इंदौर की ग्राम पंचायत तिल्लौर खुर्द स्थित बावड़ी में जनभागीदारी से जीर्णोद्धार, दीपदान, कलश पूजन, भजन गायन तथा पंचायत क्षेत्र के समस्त जल स्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। इसी तरह जनपद पंचायत महू की ग्राम पंचायत जामखुर्द में देवी अहिल्या जी द्वारा निर्मित प्राचीन बावड़ी पर गंगाजल यात्रा एवं पूजन, बावड़ी की साफ-सफाई, गाद निकासी एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत सांवेर की ग्राम पंचायत बरलाई जागीर स्थित अहिल्या कुंड परिसर में जलाशय परिक्रमा, दीपदान, जल गीतों की प्रस्तुति तथा जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता हेतु व्याख्यान आयोजित होंगे। साथ ही अहिल्या कुंड परिसर के इतिहास से भी आमजन को अवगत कराया जाएगा।

### बच्चों से प्रताड़ित वृद्ध माता-पिता को मिलेगा त्वरित न्याय

**इंदौर।** वृद्ध माता-पिता के साथ बच्चों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार, उपेक्षा और भरण-पोषण नहीं करने जैसी शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन सोमवार को विशेष शिविर आयोजित करने जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाले इस शिविर में प्रशासन एक ही स्थान पर बुजुर्गों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगा। जनसुनवाई में लगातार वृद्धजनों से पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, सामाजिक उपेक्षा, पेंशन और स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन्हीं मामलों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 25 मई को विशेष शिविर लगाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने शिविर की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। शिविर को प्रभावी, सुव्यवस्थित और परिणाममूलक बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। शिविर में भरण-पोषण अधिनियम के तहत आने वाले मामलों की सुनवाई और निराकरण किया जाएगा। साथ ही जिन मामलों में पारिवारिक विवाद मध्यस्थता के जरिए सुलझाए जा सकते हैं।

### ऊर्जस एप से बिजली शिकायतों का तेजी से समाधान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऊर्जस एप के माध्यम से बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। कंपनी के ऊर्जस एप में जैसे ही उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराता हैं, वहां से शिकायतें सीधे 1912 कॉल सेंटर की टीम को चली जाती है। कॉल सेंटर केंद्रीयकृत शिकायत निवारण के सिस्टम के माध्यम से संबंधित शिकायत जोन, वितरण केंद्र की बिजली सुधार टीम को भेज देता हैं, इस तरह मात्र पांच से सात मिनट में शिकायतें लाइनमैन स्तर के कर्मचारी तक पहुंच जाती है। इसके बाद सुधार के कार्य के लिए टीम संबंधित शिकायतकर्ता उपभोक्ता के यहां पहुंच जाती हैं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान ऊर्जस एप के माध्यम से 111 शिकायतों का समाधान किया गया हैं। इसमें इंदौर शहर की 62, धार जिले की 8, खंडवा की 4 ,उज्जैन की 9, देवास व रतलाम, खरगोन की 3-3, आगर की 4 व अन्य क्षेत्रों की शिकायतों का समाधान ऊर्जस एप के माध्यम से हुआ हैं। इसी तरह सोशल मीडिया के माध्यम से 24 शिकायतों का निराकरण हुआ। वाट्सएप नंबरों के माध्यम से भी शिकायतों का समाधान किया जाता है।

---

### सरकारी योजनाओं और बीमा सुविधा का झांसा देकर महिला से संपर्क बढ़ाया

# पत्रकार बनकर पहुंचा, मदद के नाम पर फंसाया...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





शहर में एक शातिर युवक द्वारा खुद को पत्रकार बताकर महिला कर्मचारी को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले सरकारी योजनाओं और बीमा सुविधा का झांसा देकर महिला से संपर्क बढ़ाया, फिर गुप्त कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड कर लाखों रुपये की मांग करने लगा। मामले का खुलासा होने के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अजीत चौरसिया श्रम विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी के कार्यालय पहुंचा था। उसने खुद को पत्रकार बताते हुए मजदूरों और कर्मचारियों को मिलने वाली योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला का भरोसा जीतने के लिए उसे 5 हजार रुपये दिए और इसी दौरान छिपे कैमरे व मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

कुछ दिन बाद आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाना शुरू कर दिया। उसने महिला को रिकॉर्ड किया गया वीडियो दिखाकर धमकाना शुरू किया और वीडियो वायरल करने की बात कहकर पैसों की मांग करने लगा। पहले 50 हजार रुपये मांगे गए, बाद में रकम बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई। लगातार दबाव और धमकियों से परेशान महिला ने आखिरकार क्राइम ब्रांच का सहारा लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद आरोपी के खिलाफ जबरन वसूली और ब्लैकमेलिंग समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्पाई कैमरा, मोबाइल और रिकॉर्डिंग उपकरण भी जब्त किए हैं।

क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने पहले भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी लोगों को झांसे में लेकर ब्लैकमेल करने का पुराना खिलाड़ी हो सकता है।

---

## आकाशवाणी इंदौर के 71वें स्थापना दिवस पर भव्य सांस्कृतिक उत्सव संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने के राष्ट्रव्यापी उत्साह और आकाशवाणी इंदौर के 71वें स्थापना दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर आज मालवा हाउस स्थित आकाशवाणी परिसर में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर रात तक चले इस उत्सव में परंपरा, तकनीक, संस्मरण और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। शुरूआत सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन राजेश पाठक, अभियांत्रिकी प्रमुख अभय कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद आकाशवाणी के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब आकाशवाणी के प्राइमरी चैनल और विविध भारती चैनल से एक साथ 1 घंटे 50 मिनट का विशेष लाइव फोन-इन प्रोग्राम प्रसारित किया गया।

---

### इंदौर में भाजपा पार्षद के साथ पहुंचे रहवासी

# जल संकट को लेकर विधायक के घर पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में जल संकट को लेकर अब जनप्रतिनिधियों लोगों का गुस्सा सड़कों पर नजर आ रहा है। पिछले दिनों जल संकट को लेकर भाजपा विधायक महेंद्र हडिया ने कड़े तेवर दिखाए थे तो शनिवार को भाजपा पार्षद लाल बहादुर वर्मा ने भाजपा के विधायक रमेश मेंदोला के घर पर रहवासियों के साथ जाकर प्रदर्शन किया।

उनका कहना था कि वार्ड से जिस टंकी से पानी आता है, उसे दूसरे वार्डो में भेजा जा रहा है। निगम के टैंकर भी नहीं आ रहे है। लोगो को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। प्रदर्शन को देखते हुए विधायक निवास पर पुलिस बल भी तैनात हो गया था।

सुबह पाटनीपुरा से रहवासी जुलूस की शक्ल में विधायक रमेश मेंदोला के निवास पर सैकड़ों की संख्या में आ गए। वे सड़क पर बैठ गए और पानी दो पानी दो और टंकी बनाओ के नारे लगाने लगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्षद वर्मा ने कहा कि पानी को लेकर हालात बिगड़ गए है। नलों में दो-तीन बाल्टी पानी बड़ी मुश्किल से आ रहा है। विधायक ने इत्मीनान से रहवासियों की बातें सुनी और कहा कि वार्ड 26 को लेकर मेयर और अफसरों से चर्चा हो चुकी है। वार्ड में नई टंकी भी बनाने का काम शुरू होगा। मौजूदा जलसंकट को दूर करने के लिए टैंकरों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

आपको बता दें कि इंदौर में जलसंकट को लेकर एक सप्ताह में दस से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके है। जलसंकट को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि बीते दस वर्षों में जिस तेजी से शहर की आबादी बढ़ी उसकी तुलना में पानी के स्त्रोत बढ़ाने की दिशा में काम नहीं हुए है।

**मोहल्लों और कॉलोनियों में गहराया संकट**

शहर के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। कई कॉलोनियां पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हो चुकी हैं। हालात यह हैं कि टैंकर आने पर लोगों में पानी भरने को लेकर विवाद और झड़पें तक हो रही हैं। कई घरों के बाहर टंकियां, ड्रम और बाल्टियां पहले से सजाकर रखी जा रही हैं ताकि टैंकर आते ही पानी भरा जा सके।

---

## पुलिस के नवजीवन अभियान से 383 परिवारों में लौटी खुशियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुलिस केवल लॉ एंड ऑर्डर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से निभा रही है। इसी दिशा में चलाए जा रहे नवजीवन अभियान के तहत वर्ष 2025 में उज्जैन पुलिस ने अब तक 383 परिवारों की खुशियां लौटाने का काम किया है।

यह अभियान उन बच्चों के लिए शुरू किया गया है, जो पढ़ाई में असफल होने के डर, पारिवारिक विवाद, सोशल मीडिया के प्रभाव, प्रेम प्रसंग या मानसिक तनाव के कारण घर छोड़कर चले गए थे। पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में कुल 261 बच्चों ने घर छोड़ा था, जबकि कुछ पुराने मामलों को मिलाकर उज्जैन पुलिस ने अब तक 291 बच्चों को खोज निकाला है। वहीं जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 के बीच गुम हुए 92 बच्चों को भी सकुशल उनके परिवारों से मिलवाया गया है। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान ने बाल संरक्षण और पुनर्वास का नया मॉडल पेश किया है। काउंसलिंग के दौरान बच्चों और उनके परिजनों से अलग-अलग बातचीत की गई, जिसमें कई अहम कारण सामने आए। इनमें पढ़ाई का दबाव, परीक्षा का डर, पारिवारिक कलह, मोहल्ले के विवाद, सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव, प्रेम प्रसंग और आत्मविश्वास की कमी प्रमुख वजहें रहीं। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि सिर्फ बच्चों को खोज लेना काफी नहीं है, बल्कि उनके मन और भविष्य को संभालना भी जरूरी है।

---

### दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद द्वारा

# इंदौर में विनयांजलि सभा सम्पन्न



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

परमपूज्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में एवं दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद आह्वान पर वंदनिय आर्यिका माँ श्रुतमति माता जी उपशममति माता जी की अकस्मात समाधी होने पर विनयांजलि सभा उदयनगर नगर जैन मंदिर मे रखी गई। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद अन्य सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारि आनंद नवीन गोधा हर्ष जैन राहुल जैन मनीष नायक श्रीमती रेखा जैन सहित अपनी विनयानजली देते हुए दोषियों के प्रति आक्रोश जताते हुए कड़ी कार्यवाही करने की मांग की समाज प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुणायतन प्रेणता परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी के भारत वर्षीय सकल जैन से आह्वान करते हुए कहा कि पुरे भारत में अपने अपने क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाए।

इसी श्रृंखला में इंदौर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद एवं विभिन्न संस्थाओं के साथ सोमवार को प्रातः 8 बजे राजवाडा से कलेक्टर कार्यालय तक मोन रेली निकलने की घोषणा करते हुए अध्यक्ष आनंद गोधा, हर्ष जैन, अक्षय कासलीवाल, सुशील पांड्या, नवीन गोधा, संजय ने दिगम्बर जैन समाज शेताम्बर जैन समाज के सभी महानुभाव एवं सभी संस्थाओं से मोन रेली मे आने का आग्रह निवेदन किया है

---

# कॉलोनाईजर को 25 लाख रुपए सहित 1 लाख रुपए मासिक अदा करने का आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कुटुम्ब न्यायालय इन्दौर के प्रधान अतिरिक्त न्यायाधीश की अदालत ने एक कॉलोनाईजर को आदेश दिया कि, वह अपने अबोध पुत्री व पुत्र के शिक्षा और मेंटेनेंस के लिये एक लाख रुपये प्रतिमाह की 5 तारीख के पूर्व तथा दिनांक 05/04/2024 से बकाया रुपये पच्चीस लाख चार समान किश्तों में अदा, करे। यह रुपया दोनों संतानो अनाया और अरिश की माँ के बैंक खाते में जमा किया जावे।

प्रकरण में बच्चो के अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी के अनुसार कॉलोनाईजर अतुल पंवार निवासी सेठी नगर, उज्जैन (म.प्र.) को सनाया (परिवर्तित नाम) लिव-इन रिलेशनशीप से पति-पत्नि की तरह 11 वर्ष तक रहे, जिससे दोनो संताने पैदा हुई। बच्चो के दस्तावेजों में पिता के रुप में प्रतिप्रार्थी का नाम भी दर्ज है। न्यायाधीश ए.के. गोयल ने सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसर संतानो को वैध मानते हुए रिलेशनशीप में रहने वाले पार्टनर्स से उत्पन्न संतानो के भरण पोषण की व्यवस्था इसलिये उचित मानी ताकि उसकी पत्नि व बच्चों को सामाजिक रुप से न्याय मिल सके और उन्हें भटकने से बचाया जा सके।

न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि, बच्चों के पिता की यह ओछी मानसिकता है कि, पार्टनर को 'रखैल बता रहा है। पति पूर्व से अन्य स्त्री से विवाहित था, उसके बावजूद उसने एक अविवाहित युवती से संबंध बनाये, पत्नि की तरह रखा और हिन्दू होने से अपने पूर्व पत्नि के रहते हुए दूसरी महिला के प्रति अशोभनीय शब्दों का प्रयोग कर रहा है, जबकि उसने उक्त महिला से दो संताने भी उत्पन्न की है। न्यायालय ने स्पष्ट अभिमत दिया कि, संतानो को कदापि अवैध नहीं कहा जा सकता और उनके सांपत्तिक अधिकार प्रभावित नहीं होते हैं, भले ही प्रार्थी युवती से प्रतिप्रार्थी के संबंधों को वैध विवाह का दर्जा प्राप्त नहीं होता हो और उन परिस्थितियों में जबकि प्रार्थी युवती मुस्लिम है एवं प्रतिप्रार्थी के साथ उसका विवाह भी नहीं हुआ। वह पूर्व से विवाहित हिन्दु है और उसकी पत्नि भी जीवित होकर उनके गध्य तलाक नहीं हुआ है। अभिलेख पर यह प्रकट है कि, प्रार्थी साजिया (परिवर्तित नाम) अपने बच्चों का पेट भरने में सक्षम नहीं है और प्रतिप्रार्थी प्रोपर्टी का कारोबारी होकर कॉलोनाईजर है और अतुल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का मालिक होकर पंजीकृत ठेकेदार है एवं बड़े तौर पर खद की कॉलोनी विकसित करके विक्रय करता है, जो उसने कोर्ट में स्वीकार किया है।

**लाखो रुपया कमाने के बाद भी कोर्ट को यह नहीं बताया कि, उसकी गासिक आय कितनी**

प्रतिप्रार्थी की प्रथम पत्नि का पुत्र विदेश में अध्ययन कर रहा है, जिससे प्रतिप्रार्थी का आर्थिक स्टेटरा स्पष्ट है, उसने लाखो रुपया कमाने के बाद भी कोर्ट को यह नहीं बताया कि, उसकी गासिक आय कितनी है किन्तु उसके द्वारा प्रस्तुत आयकर के रिटर्न तीन वर्षों में करीब चालीस लाख रुपये आय के साथ ही उसे केपिटल गेन और लाखों रुपयों की प्लॉट विक्रय भी आय हुई है। दस लाख की विदेशी मुद्रा और करोड़ो के म्युचल फंड भी खरीदे है, इससे साबित है कि, प्रतिप्रार्थी लाखो रुपया महिना कमाता है और अपने इन बच्चों को भरण पोषण देने में सक्षम है। न्यायाधीश गोयल ने आदेश दिया कि, उभयपक्षों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति और स्वीकृत तथ्यों को देखते हुए सिद्ध हुआ कि, प्रतिप्रार्थी आर्थिक रुप से सक्षम है और वह दोनो अवयस्क संतानो को कुल एक लाख रुपया महिना प्रकरण के अंतिम निराकरण तक प्रत्येक गाह की 1 से 5 तारीख के मध्य अंतरिम रुप से करे, साथ ही दिनांक 05/04/2024 से कुल पूर्व बकाया रुपया पच्चीस लाख चार समान किश्तों में अदा करे, जो राशि बच्चो की माँ साजिया गंसुरी (परिवर्तित नाम) के बैंक खाते में जमा करे। प्रकरण में प्रार्थी संतानो की ओर से पैरवी अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी, प्रतीक माहेश्वरी, पवन तिवारी, अमृता सोनकर, पुनीत माहेश्वरी, सुनिल यादव, हरिओम परमार, अर्जुन प्रजापति एवं महक मिरानी द्वारा की गई।

---

# इंदौर संभागायुक्त ने आईडीए सीईओ का आदेश पलटा

### भ्रष्ट संपदा अधिकारी सालों से विभाग में पदस्थ, कोई भी बड़ा अधिकारी पसंद नहीं करता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर विकास प्राधिकरण में लंबे समय से पदस्थ संपदा अधिकारी मनीष श्रीवास्तव को लेकर हल्ला मचा हुआ था। आईडीए की बदनामी हो रही थी। इस कारण सरकार ने श्रीवास्तव को हटाकर श्यामू श्रीवास्तव को संपदा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया था। इसके बाद उनको अभी तक संपदा विभाग का काम नहीं सौंपा गया था। कई दिनों के बाद अब जाकर इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच काम का बंटवारा हुआ, तो जो आदेश निकला उसको देखकर सबके होश उड़ गए।

बदनाम संपदा अधिकारी मनीष श्रीवास्तव को विधि विभाग के साथ-साथ संपदा विभाग का काम भी सौंप दिया। श्रीवास्तव का कई मामलों में नाम इतना ज्यादा बदनाम हो चूका है कि उनको कोई भी बड़ा अधिकारी पसंद नहीं करता है। तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने तो मनीष श्रीवास्तव को एक बार निर्वाचन कार्यालय में अटैच कर दिया था। उसके बाद फिर श्रीवास्तव भोपाल में सेटिंग करके संपदा अधिकारी बन गया। श्रीवास्तव अपने आप को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का खास बताता है।

**2 घंटे में ही नया आदेश जारी हो गया**

वही नए हुए आदेश के बाद आईडीए अध्यक्ष सुदाम खाड़े भी आश्चर्य चकित रह गए। उन्होंने तत्काल आईडीए के सीईओ परीक्षित झाड़े को कहा कि यह आदेश तत्काल बदल दे उसके बाद 2 घंटे में ही नया आदेश जारी हो गया। दरअसल इस पुरे मामले की अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को भी जानकारी लग गई थी। उसके बाद से भोपाल तक हड़कप मच गया। मनीष श्रीवास्तव को विधि विभाग से भी हटाने की बात हो रही है, क्योंकि वहां भी श्रीवास्तव ने जो काम करना शुरू किए है उनको लेकर बदनामी हो गई है।

---

## ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सौंपे गए दायित्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 9 से 13 जून 2026 तक होटल शेरेटन ग्रैंड पैलेस में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सम्मेलन के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेशानुसार विमानतल पर अतिथियों के स्वागत, होटल आवास व्यवस्था, परिवहन, हेल्प डेस्क संचालन, लायजनिंग, सुरक्षा समन्वय एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल एवं सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## न्यूज कालम



### चार धाम यात्रा से सनावद लौटे तीर्थ यात्रियों का स्वागत

**सनावद।** चार धाम यात्रा कर वापस सनावद लौटे तीर्थ यात्रियों का शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। सनावद से तीर्थ यात्रियों का दल गत 2 मई को रवाना हुआ था। तीर्थ यात्रियों में सीमा कमल जैन,महेश जैन,अंशु जैन,कोमल जैन,पद्मावती जैन, सिमरन जैन,किरण जैन,सोनू जैन,रिचा जैन,देशना जैन, रूपाली बडेक, रागिनी,वीरेंद्र सिंह चौधरी,नयनसिंह बघेल,मंजू बघेल, कुसुम गुर्जर शामिल थे। तीर्थ यात्रियों का स्वागत कमल डोसी और साथियों ने किया। इसके पूर्व तीर्थ यात्रियों का स्वागत इंदौर में नीलेश सराफ, बड़वाह में विकास कंकू चोपड़ा,राजपुर में प्रवीण जैन,रविंद्र गौतम जैन एवं बेड़िया में कुसुमलता जैन ने किया।

### मंडलेश्वर के घाट पर गंगा दशमी से शुरू होंगी भव्य माँ नर्मदा आरती



**मंडलेश्वर ।** नगर के नवनिर्मित नर्मदा घाट पर आगामी 26 मई गंगा दशमी से वाराणासी की विख्यात गंगा आरती की तर्ज पर भव्य नर्मदा महाआरती का शुभारम्भ होने जा रहा हैं। इस संबंध में एक बैठक मंडलेश्वर के नर्मदा आश्रय स्थल पर सम्पन्न हुई जिसमे 31 वर्ष से लगातार नर्मदा आरती करने वाली संस्था माँ नर्मदा आरती मंडल के पदाधिकारी नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे एवं महेश्वर में होने वाली नर्मदा महाआरती प्रकल्प के प्रमुख पंडित शुभम जोशी शामिल हुए। बैठक में सवार्नुमति से अमावस्या और पूर्णिमा पर भव्य माँ नर्मदा महारती शुरू करने का निर्णय लिया गया। पंडित शुभम जोशी यहां गंगा दशमी पर महा आरती का शुभारम्भ करवाएंगे। इस संबंध में आवश्यक संसाधन नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे उपलब्ध कराएंगे। महा आरती के लिए पंडित शुभम जोशी मंडलेश्वर के पंडितो को धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराने के लिए अपना सानिध्य और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के साथ पंडित शुभम जोशी पंडित अमित कानूनगो और नर्मदा आरती मंडल के मुकेश श्रीवास संतोष चौहान पवन तवर मनीष पाटीदार ने नर्मदा घाट पर होने वाली महा आरती के स्थान का अवलोकन किया।नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान ने बताया कि आरती मंडल 1995 से लगातार नर्मदा घाट पर परम्परा गत वाद्य यंत्रो के साथ नर्मदा आरती करता आ रहा हैं अब इसे भव्य रुप से किया जाएगा।

### सड़क और नालीयो की मांग को लेकर लम्बे समय से रहवासी परेशान

**खरगोन।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 7 स्थित गली के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मांगपत्र सौंपा है। रहवासियों ने विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा है की जिम्मेदार अधिकारीयो द्वारा विकास के नाम पर सिर्फ डिडोरा ही पिट रहे हैं रहवासियों ने अपनी गली में सड़क निर्माण, व्यवस्था और अन्य नागरिक समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की है। उमाशंकर सोलंकी, देवंद्र जोशी, सावन सोलंकी, आदि रहवासियों ने बताया कि वार्ड 7 की गली में लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है इस कारण बारिश के मौसम में आवागमन में भारी परेशानी होती है। परिवार की महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। रहवासियों ने सवाल किया है कि उनके वार्ड में सड़क और नालीयों की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है, जबकि अन्य वार्डों में ये आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### विश्व हिन्दू परिषद ने गौवंश हत्या व तस्करी रोकने हेतु सौंपा ज्ञापन

**मंडलेश्वर।**विश्व हिन्दू परिषद, गो रक्षा विभाग एवं देशी गौवंश संरक्षण संवर्धन न्यास द्वारा गौवंश हत्या एवं गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल जी के नाम एक ज्ञापन एसडीएम पूर्वा मंडलोई को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश में लगातार बढ़ रही गौ तस्करी एवं गौवंश हत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

## जलुद में हुई बकरियों की चोरी के मामले का खुलासा

# पुलिस ने 2 आरोपियों और 1 नाबालिग को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



जलुद में हुई बकरियों की चोरी के मामले का महज कुछ ही दिनों में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। मामले में दो शातिर आरोपियों सहित एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से 8 लाख 25 हजार रुपए की चोरी की बकरियाँ और वारदात में इस्तेमाल की गई मारुति फ्रोंक्स कार जब्त की गई है।

थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया शनिवार को ग्राम जलूद के फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8-9 मई की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उनके घर के सामने बने बाड़े से 8 बकरियाँ चुरा ले गए। जिनकी कीमत करीब 65 हजार रुपए थी। फरियादी ने अपने स्तर पर आसपास के गांवों और साप्ताहिक हाट-बाजारों में बकरियों की काफी तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस की शरण ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

रात के समय हुई इस चोरी को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और उसके आसपास के सभी रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बारीकी से की गई जांच में घटना की रात एक संदिग्ध कार की आवाजाही दिखाई दी। इसके बाद मुखबिरों से मिले इनपुट्स के आधार पर पुलिस ने कुछ संदेहियों को चिह्नित किया। जिसके आधार पर ग्राम भवानिया बुजुर्ग (धरमपुरी) निवासी हाल मुकाम पटले नगर, इंदौर प्रिंस पिता भरत सिंह सोलंकी, छोटी खरगोन निवासी राजा (22) उर्फ स्वर्णिम चौहान सहित एक बाल अपचारी (नाबालिग) तीन लोग शामिल हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में लिया।

आरोपियों से पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उन्होंने चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष रूप से इंदौर की एक टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी से कार किराए पर ली थी।

आरोपियों के पास से 3 बकरियाँ कीमत लगभग 25 हजार और घटना में प्रयुक्त वाहन मारुति फ्रोंक्स कार कीमत लगभग 8 लाख रुपए की जप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अब इनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## 24 मई को बावनगजा में मीडिया संगोष्ठी एवं साधारण सभा का आयोजन

**बड़वानी।** प्रेस क्लब बड़वानी एवं विश्व संवाद केंद्र जिला बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेस क्लब की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी। यह समस्त कार्यक्रम आगामी 24 मई, दिन रविवार को प्रसिद्ध जैन तीर्थ बावनगजा में संपन्न होगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज शुक्ला, सचिव विजय निकुम एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भावसार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार प्रातः 10 बजे होगा। देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता श्री जितेंद्र सिंह चौहान संपादकः दैनिक समाचार पत्र "पत्रिका", खण्डवा रहेंगे एवं उनके द्वारा स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वरःभारतीय मीडिया का नया युग विषय पर विचार प्रबोधन किया जायेगा। संगोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के साथ पत्रकारिता की भूमिका और महर्षि नारद के संदेशों पर प्रबुद्ध जनों एवं वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा विस्तार से विचार व्यक्त किए जाएंगे।नारद जयंती कार्यक्रम एवं संगोष्ठी के मुख्य सत्र के समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों के लिए सहभोज का आयोजन किया जाएगा। सहभोज के उपरांत दोपहर सत्र में प्रेस क्लब बड़वानी की साधारण सभा की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्लब की आगामी कार्य योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। प्रेस क्लब एवं विश्व संवाद केंद्र के पदाधिकारियों ने जिले के सभी पत्रकार साथियों, साहित्यकारों और प्रबुद्ध जनों से तय समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# खाद्य सामग्री उत्पादन हेतु बना फूड क्लस्टर खुद ही तबीयत से खा रहा है धूल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद




जोर-शोर से हुए किसी कार्य की इतनी मंद गति हो जाना कभी कभी समझ से परे हो जाता है।ऐसा ही हाल सनावद शास.पॉलिटेक्निक कॉलेज (पशु बाजार) के पास निर्मित खाद्य आधारित उत्पादन, विपड़न हेतु निर्मित औद्योगिक इकाई फूड क्लस्टर का हो रहा है। निर्माण से संबंधित सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, बाग बगीचे, रंग-रोगन,रोड़ ऑफिस, कैंटीन, बैंक,गोडाउन पानी टंकी सहित तमाम अपेक्षित सुविधाओं के भवन एवं साधन जुट गए हैं। एवं विभाग को ठेकेदार द्वारा हैंड ओवर भी किया जा चुका है। लेकिन अब यह स्थान अपने सदुपयोग की राह देखता खाद्य आधारित सामग्री अपने आंचल में निर्मित करने की बजाय खुद ही धूल खाता नजर आ रहा है।

संबंधित विभाग एवं शासन प्रशासन के पास अभी कोई उचित जवाब नहीं है अलग-अलग बातें सुनाई देती हैं।।थोड़े से पुराने रेस्ट हाउस की भूमि के हेरफेर, स्थान बदल का भी शायद मामला जारी है।।चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रमेश जोशी,प्रवक्ता जाकिरअमी, चैतन्य बंसल सहित सदस्यों एवं विकास संघर्ष समिति के डॉक्टर राजेंद्र पलौड़,राकेश गहलोत, मुश्ताक मलिक,ओम बंसल, धीरेंद्र सोलंकी,प्रणव व्यास,राजेंद्र मंत्री, लक्ष्मीकांत राठी, भूपेंद्र चतुर्वेदी, महेश शर्मा,आदि ने खाद्य परिसर में नागरिकों की और से सुस्त चाल पर प्रबल विरोध कर संबंधितों का ध्यानाकर्षण किया।। ताकि जल्द इसकी आवंटन प्रक्रिया शुरू हो सके और उत्पादन एवं व्यापार प्रारंभ हो सके,लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके।अन्यथा आगे चलकर वैसे ही खंडहर और असामाजिक तत्वों की आराम गाह हो जाना है।।

चैंबर के जाकिर हुसैन अमी रमेश जोशी,संदीप चौधरी ने बताया कि महेश्वर क्षेत्र के मातमुर में इस इकाई के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होकर आवंटन प्रक्रिया भी हो गई और यहां जस के तस हाल हैं।।जबकि सनावद से माल ढुलाई हेतु महेश्वर से अधिक बेहतर नजदीकी बड़े शहर,एवं आवागमन के रोड़ रेलवे के साधन उपलब्ध हैं जो कि आने वाले दो वर्षों में पूर्ण होकर और भी समृद्ध हो जाएंगे।

# मानव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सच्ची प्रार्थना है अनिल धारीवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा




धर्म अनेकांतवाद में यकीन रखता है,जरूरी नही की धर्म स्थलों पर ही धर्म हो ,साधर्मिक बंधु की सेवा मानव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सच्ची प्रार्थना है।

उपरोक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री द्वारा महावीर गौतम प्रसादी जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल नें जेएसजी जावरा मैत्री द्वारा खाद्य सामग्री भेंट के अवसर पर कहे,।

मैत्री अध्यक्ष संदीप श्रीमाल व संदीप रांका नें बताया की महावीर गौतम प्रसादी जहाँ पर साधर्मिक बंधु के लिए मात्र 20 रुपए के नाममात्र के शुल्क पर शुद्ध, सात्विक भोजन प्रसादी की व्यवस्था अपनी सहूलियत के अनुसार उनके कार्यालय सुतारीपुरा जावरा में बैठकर या टिफिन के माध्यम से की जा रही है।, उसी महावीर गौतम प्रसादी पर आज जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा नमक, आटा, दाल, तेल, घी, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार के सदस्यों द्वारा भेट की गई, इस अवसर पर मैत्री सदस्यों के सहयोग से महावीर गौतम प्रसादी पर व्यवस्था में सहयोग हेतु प्रतिमाह 1500/- रुपए एक वर्ष तक देने की घोषणा की गई ।

इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री अध्यक्ष संदीप श्रीमाल, संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, आलोक बरैया, राजेश पोखरना, संदीप जैन, शरद डूंगरवाल,मनीष मेहता, दीपक मेहता, तरुण टुकड़िया, अरुण धारीवाल, शशंक मेहता,पियूष कांठेड ,संदीप दसेड़ा, राहुल भण्डारी, राहुल छाजेड, अभिषेक ओरा, मनीष पोखरना, संजय भण्डारी, शैलेष श्रीश्रीमाल, पुखराज संचेती, राहुल मेहता, पुखराज सुराणा, मनीष धारीवाल उपस्थित थे,।

महावीर गौतम प्रसादी व्यवस्था समिति के राजेन्द्र जैन, राजकुमार हरण, प्रकाश कोठारी, , राजकुमार मारवाड़ी, राजेश श्रीश्रीमाल नें जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# 200 वर्ष प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास की भक्ति चरम पर, देश भर से उमड़ रहे भक्त

## 6 किलो सोने के सिंहासन पर विराजते हैं लक्ष्मीनारायण देव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



शहर का 200 वर्ष प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर इन दिनों पुरुषोत्तम मास के दौरान भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। देशभर से श्रद्धालु भगवान के दर्शन, दुग्ध अभिषेक और कथा-श्रवण के लिए यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक भजन, पूजन और धर्मसभा का वातावरण बना हुआ है।

बुरहानपुर स्वामीनारायण मंदिर के महंत कोठारी पी पी स्वामी ने बताया कि इस मंदिर की विशेषता यहां स्थापित लगभग 6 किलो सोने से निर्मित तीन दिव्य सिंहासन हैं। मध्य सिंहासन पर लक्ष्मीनारायण देव हरेकृष्ण महाराज विराजमान हैं। दाहिने सिंहासन पर भगवान स्वामी नारायण अर्थात घनश्याम महाराज विराजते हैं, जबकि बाएं सिंहासन पर भगवान की सुख सैया सजाई जाती है।

स्वामीनारायण संप्रदाय में मान्यता है कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय है। शास्त्रों में इसे अधिक मास नहीं बल्कि च्पुरुषोत्तम मासज्ज कहा गया है। मान्यता है कि इस मास में किया गया स्नान, दान, जप, तप और भक्ति अनेक गुना फल प्रदान करती है। मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने बताया कि पूरे विश्व में स्वामीनारायण संप्रदाय का यह एकमात्र मंदिर माना जाता है जहां पूरे पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन भगवान का विशेष दुग्ध अभिषेक किया जाता है। आज आयोजित दुग्ध अभिषेक एवं पूजा-अर्चना में छपिया माझी महंत ब्रह्मचारी हस्वरूपानंदजी, मुड़ी माझी महंत हरिप्रकाशदासजी तथा अयोध्या माझी कोठारी सर्वेश्वरदासजी शामिल हुए। भगवान स्वामीनारायण की जन्मस्थली छपिया में सेवा करने वाले इन संतों का बुरहानपुर आगमन भक्तों के लिए विशेष सौभाग्य माना जा रहा है।

# टंट्या भील महानाट्य ने सतपुड़ा की वादियों में जगाई देशभक्ति की अलख

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



जननायक टंट्या भील के अदम्य साहस और अंग्रेजों के दमन के विरुद्ध उनके संघर्ष को समर्पित भव्य महानाट्य "रॉबिन हुड ऑफ इंडिया" एवं लाइट एंड साउंड शो का आयोजन गुरुवार शाम जागृति कला केंद्र नेपानगर में किया गया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेपा लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन ने सतपुड़ा की वादियों में देशभक्ति की अलख जगा दी।

कार्यक्रम के निर्देशक मुकेश दरबार ने बताया कि उनकी कला यात्रा का यह पहला आयोजन था, जो खुले प्राकृतिक मंच पर सतपुड़ा की वादियों एवं पेड़ों के बीच आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, "इतिहास में कई जनजातीय वीर क्रांतिकारी रहे हैं, जिन्हें उचित स्थान नहीं मिला। उनकी शहादत को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है, ताकि देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हो।"

मुख्य अतिथि, नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने कहा, "ऐसे आयोजनों से देशप्रेम की भावना जागृत होती है। निमाड़ के टंट्या भील की शहादत को नाट्य मंचन से प्रस्तुत करना सराहनीय है। कम संसाधनों में बड़ा आयोजन करना बड़ी बात है।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं थाना प्रभारी ज्ञानु जेसवाल ने कहा, "लोगों को टंट्या भील की शहादत के बारे में बहुत कम जानकारी है। ऐसे आयोजन से उनके प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ती है। आज की पीढ़ी को उनकी शहादत जानना जरूरी है।

# टेकरी चौराहा से जोयो के बीच लगी रोक हटाए, अधिकारियों पर कार्रवाई हो

## 1 जून से दी आमरण अनशन की चेतावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जावरा उज्जैन ग्रीन फील्ड फोरलेन का हुसैन टेकरी चौराहा से महू नीमच हाईवे के बीच एलाइनमेंट फाइनल नहीं हुआ। टेकरी चौराहे से जोयो तिराहा के बीच शुरूआती भू अर्जन की कार्रवाई कलेक्टर ने 14 जनवरी 2026 को निरस्त कर दी थी । भू अर्जन के चक्कर में प्रभावित भूखंडों की खरीदी बिक्री पर लगी रोक नहीं हटी। इसको लेकर जन संघर्ष समिति एवं प्रभावित किसानों ने एक बार फिर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी। जन संघर्ष समिति एवं प्रभावित किसानों ने कहा कि पुराने एलाइनमेंट की निरस्त सूचना के दिन से ही संबंधित हिस्से में जमीन भूखंड या मकान दुकान की रजिस्ट्री शुरू हो जाना थी लेकिन अब तक रोक नहीं हटाई ।इससे लोग परेशान हो रहे हैं। इस आदेश के पालन के लिए एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी की गई थी समिति ने कहा कि एसडीएम एवं उप पंजीयक द्वारा कहा गया था कि रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने का आश्वासन दिया था लेकिन चार महा बीत जाने के बाद भी स्थिति यथावत बनी हुई है।

समिति प्रमुख असलम मेंव एवं सुनील पोखरना ने कहा कि कई माहो से भूमि रजिस्ट्री बंद होने के कारण क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां खत्म हो गई है ।ज्ञापन में कहा कि संबंधित अधिकारियों पर करवाई हो हुसैन टेकरी चौराहा से जोयो तिराहा तक भूमि पर रजिस्ट्री प्रारंभ के आदेश देवे। यह भी चेतावनी दी की एक जून तक अगर रोक नहीं हटी तो चौराहा पर आमरण अनशन करेंगे ।इसकी अनुमति के लिए एसडीएम को पत्र भी दिया है। इसके बावजूद जरूरी हुआ तो प्रशासन के विरोध हाई कोर्ट भी जा सकते हैं।

## कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर ज्यादा फोकस

**उज्जैन।** आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को शहर कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में विधायक परमार ने कहा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाए। संगठन की मजबूती पार्टी की सफलता का आधार बनेगी। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, संगठन विस्तार और स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विधायक जिला ग्रामीण प्रभारी , संगठन महासचिव निर्वाचन प्रतिनिधि हेमंत जौहरी सहित विधानसभा प्रभारी पवन पांडे, अर्जुनसिंह तनोड़िया, चंद्रशेखर पालीवाल, सुनील वर्मा मौजूद रहे। बैठक के अंत में पदाधिकारियों ने कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए एकजुट हो कार्य करने का संकल्प लिया।

# कालिदास संस्कृत अकादमी में ग्रीष्मकालीन शिविर तीन पीढ़ियां एक साथ सीख रही है कला


'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कालिदास संस्कृत अकादमी में गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी कला शिविर बहुत उत्साह के साथ और उतनी ही गम्भीरता के साथ संचालित हो रहा है।इस शिविर में पिता, पुत्री तथा नाती तीनों प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। एक ओर पिता जहां सुगम संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं वहीं पुत्री एवं नातिन लोकनृत्य तथा कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस कलाशिविर में शास्त्रीय कलाओं के साथ साथ लोक कलाओं का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक संचालित होता है, जिसमें लिखावट सुधारने के लिये कैलीग्राफी का प्रशिक्षण, शास्त्रीय नृत्य की दृष्टि से कथक का प्रशिक्षण, लोकनृत्य में मालवी लोकनृत्य तथा लोकगायन में संत रविदास के भजन, मीराबाई के भजन तथा सुगम संगीत में राष्ट्र अराधना के गीत सिखाएं जा रहे हैं। नाट्य प्रशिक्षण के अंतर्गत संत रविदास पर केन्द्रित एक नाटक का अभ्यास प्रशिक्षणार्थी कर रहे हैं। यह दृष्य है कालिदास संस्कृत अकादमी में संचालित होने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर का यहां लोकनृत्य में 18, कैलीग्राफी में 41, शास्त्रीय नृत्य कथक में 40, सुगम संगीत में 16, लोकसंगीत में 29 तथा नाटक में 20 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।लोकनृत्य प्रशिक्षक श्रीमती हीरामणि वर्मा प्रसिद्ध लोक कलाकार श्रीमती कृष्णा वर्मा के मार्गदर्शन में सीखा रही हैं। आपने कहा कि हम लोकनृत्य के माध्यम से मालवा की संस्कृति भाषा तथा लोकनृत्य प्रशिक्षणार्थियों को सीखा रहे हैं। बारिश की ऋतु में जब मेघ आते हैं तब गांव की महिलाएं पनघट पर एकत्र होती हैं और उस समय के भाव को दशार्ने वाला पनिहारी नृत्य ठेट मालवा में प्रचलित मालवी मटकी ढोल की थाप पर सिखाया जा रहा है। आकाशवाणी से लोकगायन में 'ए' ग्रेड कलाकार श्री रामचन्द गांगोलिया ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में लगभग ३० प्रशिक्षणार्थी लोकगायन सीख रहे हैं। हमने गुरुग्रन्थ साहेब में संत रविदास के जो पद्य हैं उनको गायन के लिए चुना है। इसमें 'प्रभुजी शरण तिहारी', 'ऐरी मैं तो प्रेम दिवानी' जो मीरा बाई का प्रसिद्ध पद्य है वो सिखाया जा रहा है, 'साची प्रित तुम हम संग लागी' भी इसमें सम्मिलित है। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत प्रसिद्ध नृत्यगुरु श्रीमती राजश्री शिर्के मुम्बई से यहां आकर प्रशिक्षण दे रही हैं। आपने बताया कि वे छात्रों को ऋतुसंहार पर आधारित ग्रीष्म ऋतु एवं वर्षाऋतु पर नृत्य सीखा रही हैं जिसमें मेघ की गर्जना, नदियों का कल-कल, मोर का नृत्य आदि देखने को मिलेगा। लोकगायन सीख रही श्रीमती जूही शर्मा जो पेशे से शिक्षिका है। उन्होंने बताया कि मैं तो अपनी बच्ची को शिविर में सम्मिलित करवाने आई थी किन्तु यहां आने के बाद मुझे ऐसा लगा कि मैं भी सीख सकती हूं तो मैंने भी लोकनृत्य में प्रवेश ले लिया। आपने बताया कि अकादमी में जो एक सकारात्मक ऊर्जा एवं वातावरण का प्रभाव महसूस हुआ तो सीखने की इच्छा जागृत हो गई। श्रीमती नेहा भावसार जो गृहणी है,

## न्यूज -कॉलम

### आम के पेड पर चढ़ा वृद्ध 15 फीट नीचे गिरा, मौत



**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम मतानाकला में शनिवार दोपहर को केरी तोड़ने के लिये आम के पेड़ पर चढ़ा वृद्ध रमेश पिता शंकरलाल टिपानिया 57 साल करीब 15 फीट ऊंचाई से संतुलन बिगड़ने पर नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोंट लगने पर परिजन देवासरोड स्थित निर्मला मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां परीक्षण के दौरान रमेश की मौत होना सामने आया। मामले में नागझिरी थाना एएसआई पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच के लिये मर्ग डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कियोस्क सेंटर में तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के मंत्री गली में बैंक ऑफ बड़ौदा का कियोस्क सेंटर सूरज पिता सीताराम चांदना जाति गुर्जर निवासी ग्राम बगोदा द्वारा संचालित किया जाता है। देर शाम सेंटर पर गुर्जर समाज के तीन बदमाश इंदर पिता हरलाल निवासी छापरी, जितेंद्र पिता चंदरसिंह निवासी बंजारी और महेश पिता रघुनाथ गुर्जर निवासी ग्राम मोया माकडोन पहुंचे और कियोस्क संचालक सूरज से सेंटर चलाने के एवज में रूपयो की मांग करने लगे। जिसको लेकर विवाद की स्थिति बन गई। तीनों बदमाशों ने सूरज के साथ मारपीट की और सेंटर में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं सूरज ने भी अपने साथियों के साथ मिलकर विरोध किया और अवैध रुपयों की मांग करने वाले बदमाशों को पीट दिया। कियोस्क सेंटर पर हुई तोड़फोड़ और अवैध रुपयों की मांग करने वाले बदमाशों के खिलाफ तराना पुलिस ने सूरज चांदना की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 296, 324 (2), 115 (2), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले दो बदमाश इंदर और जितेंद्र भी घायल हुए हैं, जो उज्जैन अस्पताल जाकर भर्ती हो गए। महेश फरार है। जानकारी सामने आई है कि गुर्जर समाज के आरोपी बदमाश प्रवृति के है और तराना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अवैध वसूली का काम करते हैं इनके द्वारा पवन चक्की कार्यालय पर पहुंचकर भी रूपयो की मांग की जाती है। पूर्व में भी इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज हो चुके हैं।

### जमीन गिरवी रखने की बात पर पिता पुत्र में विवाद

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम तारोट में जमीन गिरवी रखने की बात को लेकर 80 वर्षीय रामदास पिता भेराजी और 40 वर्षीय पुत्र प्रभुलाल के बीच विवाद हो गया। पुत्र ने पिता पर लाठी से हमला कर दिया वहीं पिता ने भी पुत्र के साथ डंडे से मारपीट की। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने पिता और पुत्र के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। पिता रामदास का आरोप था कि पहले ही बच्चों के बीच जमीन का बंटवारा कर दिया गया है। बावजूद इसके बड़े पुत्र प्रभुलाल ने उनके हिस्से की जमीन को गिरवी रख दिया। जिसको लेकर विवाद हुआ है। प्रभुलाल का कहना था की जमीन उसकी है। पुलिस का कहना था कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है पिता पुत्र के खिलाफ दर्ज प्रकरण में दोनों से नोटिस तामील कराकर मामले की जांच शुरू की गई है।

### परिवार अस्पतल लेकर पहुंचे, कुछ देर बाद हुई मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर में रहने वाले विजय पिता अम्बुप्रसाद 35 साल को शनिवार दोपहर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। कुछ देर चले उपचार के बाद विजय की मौत हो गई। मामला संदेहास्पद होने मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कहना था कि अचानक तबीयत बिगड़ी थी। जिसके बाद विजय बेसुध हो गया था। प्रधान आरक्षक के अनुसार मामला सायलेंट अटैक का हो सकता है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### ट्रेक्टर-कार में भिड़ंत, 2 घायल

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के केसुररोड पर ट्रेक्टर और कार के बीच भिड़ंत हो गई। ट्रेक्टर पर सवार रमेश पिता नानूराम चौधरी 48 साल ग्राम कुनगारा और नंदराम पिता कांतिलाल 31 साल घायल हो गये। बताया जा रहा है कि कार चालक काफी तेजगति में आ रहा था, जिसने टेक्टर को टक्कर मार दी थी। कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन चालक भाग निकला था। मामले में बड़नगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 238-3 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 378-8 | 150-6 |
| मिलन नाइट | 136-0 | 149-4 |
| मधुर डे | 159-5 | 100-1 |
| मधुर नाइट | 356-4 | 190-0 |
| शुभांक | 2 8 | 9 |

# बाइक सवार युवकों के पास मिली 35 ग्राम एमडी ड्रक्स

## बेचने की फिराक में निकले थे, 5 दिनों की रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ बेचने निकले बाइक सवार 2 युवकों को पुलिस ने सूचना मिलने पर घेराबंदी कर पकड़ा तो उनके पास से 35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। शनिवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि पल्सर बाइक पर 2 युवक इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास नशा करने वालों को मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहे है। दोनों को पकड़ने के लिये एसआई शशिकांत गौतम की टीम को रवाना किया गया। पल्सर बाइक के पास खड़े दो युवकों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो दोनों के नाम आफताब उर्फ राजा पिता अब्दुल खालिद खान 29 साल और देव पिता गोपाल श्रीवास 22 साल निवासी दमदमा सामने आये। दोनों की तलाशी लेने पर उनके





पास से प्लास्टिक की थैली में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। जिसकी कीमत 3.50 लाख सामने आई। दोनों को थाने लाया गया और डेढ़ लाख कीमत की बाइक जप्त कर मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार दोपहर दोनों को न्यायालय में पेश कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ से जुडें अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सकती है।

### झालावाड़-आगर के रास्ते लाये थे ड्रग्स

एसआई शशिकांत गौतम ने बताया कि दोनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि राजस्थान के झालावाड से आगर के रास्ते मादक पदार्थ लेकर आये थे। पूर्व में भी मादक पदार्थ ला चुके है। वह रात के समय अलग-अलग क्षेत्रों में नशा करने वालों को पुड़िया बनाकर बेचते है। एसआई गौतम के अनुसार रिमांड अवधि में दोनों के बताये ठिकानों पर दबिश देकर मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वालों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें। गौरतलब हो कि पूर्व में भी पुलिस द्वारा पकड़े गये मादक पदार्थ के मामले में घाटाखेड़ी, झालावाड़ से एमडी ड्रग्स लाना सामने आ चुका है। कुछ साल पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने घाटाखेड़ी के तस्करों को पकड़ा था।

### जिले को नशा मुक्त बनाने का अभियान

उज्जैन पुलिस द्वारा जिले को नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। लगतार मादक पदार्थ से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ की जा रहा है। 21 मई को अभियान तहत उज्जैन रेंज स्तरीय एनडीपीएस प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये निर्देश डीआईजी नवनीत भसीन द्वारा अधिकारियों को दिये गये थे। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा था कि नशे के विरूद्ध अभियान केवल कानूनी कार्यवाही तक सीमित नहीं है। समाज को सुरक्षित और स्वस्थ्य बनाने का व्यापक प्रयास है। एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में संवेदनशीलता, सतर्कता और विधिक दक्षता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपी को भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1 साल के लिये इंदौर केन्द्रीय जेल भेज दिया है। आरोपी की गतिविधियां लगातार मादक पदार्थ तस्करी में सामने आ रही थी।

नीलगंगा थाना क्षेत्र की बंगाली कालोनी में रहने वाले सुजीत पिता भवरंजन सील 23 साल को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम की 1088 की धारा 3 (1) में कार्रवाई करते हुए 1 साल के लिये जेल में निरूद्ध किया गया है। आरोपी के खिलाफ पिछले वर्ष नीलगंगा थाने में 2 मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज हुये थे। वहीं 5 अन्य मामले मारपीट, आबकारी और



धमकी के दर्ज थे।

मादक पदार्थ तस्करी में उसकी गतिविधियां लगातार सामने आने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को जेल में रखने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जिला मजिस्ट्रेट की अनुशंसा पर उज्जैन संभाग आयुक्त द्वारा आरोपी को इंदौर जेल भेजने के आदेश पारित कर दिये। नीलगंगा थाना पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर आदेश की तामिली कराई और उसके जेल भेज दिया गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी सुजीत द्वारा लगातार मादक पदार्थों का संग्रहण, परिवहन एवं अवैध विक्रय किया जा रहा था तथा वह युवाओं को नशे की ओर प्रेरित कर जिले की सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा था। उज्जैन पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर और प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### अस्मिता सब जूनियर राज्य बालिका बास्केटबॉल स्पर्धा शुरू

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में अस्मिता सब जूनियर राज्य बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना में शानदार शुभारंभ हुआ। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रतियोगिता के रोमांचक मैच खेले गए। पहले मुकाबले में उज्जैन कॉरपोरेशन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रतलाम कॉरपोरेशन को 24-04 के स्कोर से हराया। दूसरे मैच में शहडोल ने खंडवा को 23-11 से पराजित किया। इसी तरह तीसरे मैच में शिवपुरी ने मंदसौर पर 22-02 के स्कोर से एकतरफा जीत दर्ज की, जबकि चौथे मुकाबले में देवास और उज्जैन की टीमों का आमना-सामना हुआ।


### जाहिर सूचना पत्र का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-05-2026 को न्यूज पेपर अग्निबाण में हाईकोर्ट एडवोकेट उत्तम कुमावत कार्यालय-ऑफिस क्र 3 प्रथम तल, राजोले मार्केट, देवास ( मध्यप्रदेश) प्रकाशित जाहिर सूचना, जो ग्राम आगरोद तहसील देवास जिला देवास जिसका सर्वे नंबर 959/1 पैकी रकबा 750 वर्गफिट संबंधी भूमि के विक्रय के संबंध में प्रकाशित की गई है, वह पूर्णत: भ्रामक, तथ्यहीन एवं न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने वाली है। उक्त सूचना के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियाँ प्रस्तुत की जाती हैं-मूल सर्वे नंबर 959 में आज दिनांक तक किसी प्रकार का वैधानिक बंटवारा / विभाजन राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ है। अत: किसी विशेष हिस्से को स्वतंत्र रूप से विक्रय योग्य बताना विधि विरुद्ध एवं आमजन को भ्रमित करने वाला कृत्य है। 959 की बटे की भूमि के संबंध में श्री जावेद पटेल पिता उस्मान पटेल द्वारा सक्षम न्यायालय में सिविल वाद दायर किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने हेतु स्थगन आदेश पारित किया जा चुका है। यह भी स्पष्ट नहीं है या है कि कथित विक्रेता वास्तव में सही एवं विवादित भूमि पर कब्जाधारी नहीं है। और यह भी हैं कि जिस स्थान पर वह अपना कब्जा दर्शा रहा है, उसके अंदर अन्य सर्वे नंबर की भी भूमि स्थित है, जिससे वास्तविक सीमांकन एवं कब्जे एवं सर्वे नम्बर का स्पष्ट नहीं हैं बिना सीमांकन, बिना विभाजन एवं न्यायालयीन विवाद लंबित रहते हुए भूमि विक्रय हेतु आमजन को आमंत्रित करना धोखाधड़ी एवं विवाद उत्पन्न करने का प्रयास प्रतीत होता है सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है खण्डन सूचना के उपरान्त भी यदि कोई भविष्य में यदि कोई व्यक्ति इस सूचना के आधार पर लेन-देन करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विक्रेता प्रकाशित करवाने वाले पक्ष की होगी। सूचित हो। इति दिनांक 23.5.2026

**जावेद पटेल**
**ग्राम आगरोद, मकान न 05, वार्ड नं 1, मैंन रोड**
**देवास, जिला देवास**
**मो. 9981981343-9516663900**


# खाचरौद में 2 कारों की भिडंत पति-पत्नी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाचरौद में शनिवार दोपहर 2 कारों में हुई भिडंत में एक कार में सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। भिड़ंत में दोनों कारों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। कारों को अलग करने के लिये क्रेन की मदद ली गई।

खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि मडावदा फंटा पर दोपहर में क्रेटा कार और इको कार के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आसपास के लोगों ने कारों में सवार लोगों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन एक कार में सवार पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी। जिनकी पहचान भोपा कालोनी में रहने वाले कैलाश और गीताबाई के रूप में हुई। दूसरी कार में खाचरौद निवासी राजपाल चंद्रावत और उनका ड्रायवर सवार था। जिन्हे ज्यादा



चोंट नहीं आई है। दुर्घटना की जानकारी लगने पर मृतक पति-पत्नी के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि दोनों मछली बेचने का काम करते थे और भाटपचलाना हाट बाजार में मछली बेचने जा रहे थे। मृतक दंपति के 3 बच्चे है। खाचरौद थाना पुलिस का कहना था कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

## पंवासा में 15 साल के बालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा में शनिवार देर शाम बालक का शव मां की साडी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंची और शव को अस्पताल लाया गया।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि शिव नगर में रहने वाले 15 वर्षीय प्रणव पिता शंकर द्वारा घर में ही साडी के फंदे से फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। बालक ने मां की साडी का फंदा गले में डाला था। घटना के समय पिता काम पर गये हुए थे। मां घरों में काम करती है, वह भी नहीं थी। दोनों के लौटने पर घटना का पता चला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक बालक का घर में अपने भाई-बहन से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद वह दूसरे कमरे में चला गया था। भाई-बहन भी खेलने में लग गये थे। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार शव को अस्पताल भेज मर्ग कायम किया गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# पत्रकारों से बदसलूकी करने वाले जनसंपर्क के सहायक पीआरओ मिश्रा का हो निलंबन

**खुद के विभाग में मचा रखा है गदर; पूर्व अधिकारी से हाथापाई की आ चुकी है नौबत, सीएम के दौरे में भी बरती भारी लापरवाही**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शासन-प्रशासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने का जिम्मा संभालने वाला जनसंपर्क विभाग इन दिनों उज्जैन में एक प्रशिक्षु अधिकारी की हरकतों की वजह से खुद बदनाम हो रहा है। मामला जनसंपर्क विभाग उज्जैन में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा से जुड़ा है। जब से मिश्रा की यहां पदस्थापना हुई है, वे पत्रकारों और अपने ही स्टाफ के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। उन पर आरोप है कि वे बात-बात पर पत्रकारों से अभद्रता करते हैं और उनका आचरण पूरी तरह उच्छृंखल हो चुका है। अब पत्रकारों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन की साख बचाने के लिए इस उद्दंड कर्मचारी का तत्काल निलंबन होना बेहद जरूरी हो गया है।

सूत्रों की मानें तो जनसंपर्क विभाग में शायद ही कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी होगा, जिससे कपिल मिश्रा की लड़ाई न हुई हो। मिश्रा के सिर पर अधिकारी होने का नशा इस कदर चढ़ा है कि वे कर्मचारी आचरण संहिता को ताक पर रखकर आए दिन स्टाफ से बदतमीजी करते हैं। हद तो तब हो गई जब पूर्व जनसंपर्क अधिकारी उइके से बदतमीजी करते हुए हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। विभाग के अन्य स्टाफ के साथ भी यही स्थिति बनी हुई है, जिसकी शिकायतें कई बार वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची हैं, लेकिन मिश्रा के रवैये में कोई सुधार नहीं आया।


**सीएम के दौरे में लापरवाही, बोले-जिससे शिकायत करनी है कर दो**-कपिल मिश्रा पर सिर्फ बदतमीजी ही नहीं, बल्कि काम में घोर लापरवाही बरतने के भी गंभीर आरोप हैं। हाल ही में जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन पहुंचे थे, तब मुख्यमंत्री रामघाट का निरीक्षण करने गए थे। जनसंपर्क अधिकारी के स्पष्ट निर्देश के बावजूद मिश्रा ने पत्रकारों के कवरेज के लिए मीडिया पॉइंट ही नहीं बनाया। जब इस संबंध में कुछ पत्रकारों ने उनसे बात की, तो मिश्रा ने अपनी आदत के मुताबिक अहंकार दिखाते हुए दो टूक कहा, मेरी शिकायत जिससे करना है कर देना। इसके बाद पीड़ित पत्रकारों ने जनसंपर्क अधिकारी और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को इस बदतमीजी से अवगत कराकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**अखबार के दफ्तर में नियम विरुद्ध वीडियोग्राफी**-मिश्रा की अनुशासनहीनता यहीं नहीं रुकी। एक मामले में तो उन्होंने दैनिक अवंतिका कार्यालय के निजी और प्रेस परिसर में नियम विरुद्ध जाकर वीडियोग्राफी तक करवा डाली। इसके लिए उन्होंने बकायदा वरिष्ठों के जांच आदेश का झूठा हवाला दिया, जो कि पूरी तरह नियमों के खिलाफ था। उनकी इस उद्दंडता के कारण अब सीधे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**बढ़े आक्रोश के बीच सस्पेंशन की मांग तेज**-कपिल मिश्रा की लगातार मिल रही शिकायतों, काम में लापरवाही और पत्रकारों के प्रति अमर्यादित व्यवहार को लेकर अब पत्रकारों और विभागीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को भी अवगत कराया जा चुका है। प्रशासन की लोकप्रियता और छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए ऐसे उद्दंड और अनुशासनहीन कर्मचारी पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाना बेहद जरूरी है।




## संघर्ष का दूसरा पहलू



एक बार एक किसान भगवान से लड़ने चला गया– आपको खेती के बारे में क्या मालूम? जब मन में आता है, बारिश करा देते हो। गलत समय पर हवाओं को भेज देते हो। आपकी वजह से हम बर्बाद हो गए हैं। ऐसे काम किसी किसान को सौंप दो। भगवान ने कहा, ठीक है, आगे से बारिश, हवा सब तुम्हारे नियंत्रण में रहेंगे, यह वरदान देकर वह चले गए।

किसान की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। अगला मौसम आया। किसान ने आज्ञा दी, वर्षा बरसो। पानी बरस उठा। जब रुकने के लिए कहा, बारिश रुक गई। उसने गीली माटी को जोता। हवा को आवश्यक गति पर बहाकर खेत में बीजों को बिखेर दिया। वर्षा, धूप, हवा सभी ने उसका हुक्म माना। खेत में धान की बालियां लहलहा उठीं। खेत देखने में रमणीय लगने लगा।

फसल काटने का समय आया, तो किसान ने एक बाली को खोलकर देखा। अंदर दाने नदारद। फिर कुछ और बालियों को तोड़कर उसने देखा। किसी में भी दाना नहीं मिला। उसने गुस्से में भगवान को पुकारा– मैंने वर्षा, धूप, हवा सभी का सही अनुपात में तो प्रयोग किया। फिर भी फसल बेकार हो गई, क्यों?

भगवान मुस्कराए। कहा, प्रकृति के तत्व जब मेरे संचालन में थे, तब हवा जब जोर से चलती थी, तो जिस तरह बच्चे मां की छाती को कसकर पकड़ लेते हैं, वैसे ही धान के छोटे-छोटे पौधे धरती के अंदर अपनी जड़ों को गहराई में फैलाकर पकड़ लेते थे। बारिश कम होने पर जड़ों को पानी की तलाश में चारों तरफ भेजते। संघर्ष की स्थिति में ही वनस्पतियां अपनी रक्षा करते हुए मजबूती से बढ़ती हैं। तुमने उनके लिए सब कुछ आसान कर दिया था। ऐसे में, तुम्हारे पौधों में सुस्ती छा गई। भले ही वे लहलहाकर समृद्ध हुए, पर उन्हें स्वस्थ दानों को पैदा करना नहीं आया।

आखिरकार किसान ने फिर से प्रकृति संचालन के काम भगवान को सौंप दिए। अगर जिंदगी हर तरह से सुविधापूर्ण बन जाए, तो उस स्थिति जैसा खालीपन और कहीं नहीं है। समस्या आने पर ही हमें स्पष्ट रूप से पता चलता है कि हमारी क्षमता कितनी है और हम कहां खड़े हैं? हमें यह देखना चाहिए कि अपने विकास के लिए उस अनुभव का कैसे उपयोग किया जाए।

अंधेरा नाम की एक समस्या थी, तभी तो इंसान ने बिजली की बत्ती ईजाद की। यात्रा करने में समस्याएं आईं, तभी तो उसने तरह-तरह के वाहनों का निर्माण किया। दूरस्थ लोगों से संपर्क करना दूभर था, तभी तो मनुष्य ने टेलीफोन को रूप दिया। अगर समस्याएं ही न रहें, तो अपने दिमाग की काबिलियत के बारे में आप क्या जानेंगे? ठीक तरह से न संभाल पाने के कारण ही मामूली समस्याएं भी भीमकाय दिखाई देती हैं।



**सम्पादकीय**

## वायरस और मौसम

भारत में घातक इबोला वायरस को लेकर चिंता और सतर्कता बहुत जरूरी है। दिल्ली हवाई अड्डे पर उन नागरिकों की निगरानी शुरू हो गई है, जो इबोला प्रभावित देशों से भारत आ रहे हैं। इबोला से संक्रमित देशों से होकर गुजरने वाले यात्रियों की भी निगरानी के निर्देश सराहनीय हैं। यह हवाई अड्डों पर पूरी चौकसी बरतने का वक्त है। लोग भूले नहीं हैं कि भारत में कोरोना वायरस भी हवाई अड्डों से ही फैला था। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिल्ली ही नहीं, अन्य सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इबोला प्रभावित देशों से आ रहे लोगों को भी अपने नागरिक धर्म के प्रति सजग होना चाहिए। हालात बहुत बिगड़े नहीं हैं, पर कांगो में इससे मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा हो गई है। यहां यह दोहराने में हर्ज नहीं कि इबोला वायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने से फैलता है। फिलहाल इबोला का एक रूप बंडीबुग्यो वायरस खतरनाक रूप धारण कर चुका है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से भी सलाह जारी हुई है। अभी कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान बहुत उच्च जोखिम वाले देश हैं और इन देशों की यात्रा या इनके पास से गुजरने से भी बचना चाहिए। किसी संक्रामक बीमारी से बचने का सबसे आसान तरीका यही है कि परस्पर दूरी को सुनिश्चित किया जाए। जिनमें भी इस रोग के लक्षण हैं, उन्हें क्वारंटीन करने की भी तैयारी रखनी चाहिए। इसके लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं, जैसे बुखार, कमजोरी, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त, बेवजह रक्तस्राव और गले में खराश। यहां सबसे ज्यादा जिम्मेदारी उन लोगों पर होगी, जो इबोला वाले देशों से आ रहे हैं। उनमें अभी भले कोई लक्षण न हो, पर आगे 21 दिन में अगर लक्षण उभरते हैं, तो जांच से भागना नहीं चाहिए। याद रहे, कोरोना संक्रमण को एक समय लोग छिपाते थे। जांच से भी बचने की कोशिश करते थे, ऐसी कोई कोशिश अब नहीं होनी चाहिए, तभी इबोला का खतरा हमें नहीं डराएगा। इबोला अभी उतना बड़ा खतरा नहीं है, पर सजगता अनिवार्य है। इबोला से बचाव के लिए विश्व स्तर पर प्रयास शुरू हो चुके हैं। दस साल बाद इस महीने के अंत में चौथा भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन आयोजित होना था, पर इसे उचित ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

**कॉकरोच से क्रांति तक**

# डिजिटल युग में लोकतांत्रिक असहमति का नया स्वर



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने के तरीके समय के साथ बदलते रहे हैं। कभी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सत्याग्रह और धरने राजनीतिक प्रतिरोध के प्रमुख माध्यम थे, तो कभी साहित्य, रंगमंच और पत्रकारिता ने सत्ता से सवाल पूछने का कार्य किया। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में प्रवेश करते हुए यह परिदृश्य एक बार फिर बदलता दिखाई दे रहा है। आज सोशल मीडिया, मीम्स, व्यंग्य और डिजिटल अभियानों ने राजनीतिक अभिव्यक्ति के नए मंच तैयार कर दिए हैं। युवा पीढ़ी अब केवल सभाओं, रैलियों और ज्ञापनों तक सीमित नहीं है; वह अपने विचारों को इंटरनेट की दुनिया में नए प्रतीकों और नई भाषा के माध्यम से सामने ला रही है। मई 2026 में अचानक चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी इसी बदलते राजनीतिक और सामाजिक यथार्थ का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

पहली दृष्टि में यह एक हास्यास्पद नाम प्रतीत होता है। किसी राजनीतिक दल या आंदोलन का नाम कॉकरोच रखना सामान्य नहीं माना जा सकता। लेकिन राजनीति में प्रतीकों का महत्व हमेशा से रहा है। कई बार जो शब्द अपमान के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं, वही प्रतिरोध और पहचान के प्रतीक बन जाते हैं। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जब समाज के किसी वर्ग ने अपने ऊपर लगाए गए नकारात्मक विशेषणों को ही अपनी शक्ति में बदल दिया। कॉकरोच जनता पार्टी का उदय भी इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि उस मानसिकता के विरुद्ध व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया है जिसे युवा अपने प्रति उपेक्षापूर्ण मानते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम की शुरूआत एक न्यायिक टिप्पणी को लेकर उत्पन्न विवाद से हुई। सोशल मीडिया पर यह धारणा तेजी से फैली कि बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की गई है। यद्यपि बाद में इस टिप्पणी के संदर्भ को लेकर स्पष्टीकरण भी सामने आए, लेकिन तब तक स्थिति बदल चुकी थी। युवाओं के एक बड़े वर्ग ने इस शब्द को अपने अपमान के प्रतीक के रूप में ग्रहण किया और फिर उसी को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल दिया। यह वही प्रक्रिया है जिसे आधुनिक राजनीतिक सिद्धांत में ह्लरीक्लेमिंग द नैरेटिवह्व कहा जाता है–अर्थात जिस शब्द या पहचान का इस्तेमाल आपको कमजोर करने के लिए किया गया हो, उसे अपनी ताकत में बदल देना। सोशल मीडिया के युग में किसी विचार को जनांदोलन का रूप लेने में अब महीनों या वर्षों की आवश्यकता नहीं होती। कुछ घंटे और कुछ वायरल पोस्ट ही पर्याप्त होते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी का उदय इसी डिजिटल युग की देन है। पूर्व राजनीतिक सोशल मीडिया कार्यकर्ता अभिजीत दीपके द्वारा इसकी घोषणा किए जाने के बाद देखते ही देखते लाखों लोग इससे जुड़ने लगे। इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य प्लेटफॉर्मों पर इसके समर्थन में बड़ी संख्या में पोस्ट, मीम्स और वीडियो साझा किए जाने लगे। यह स्पष्ट संकेत था कि यह केवल एक मजाक नहीं है, बल्कि युवाओं के भीतर मौजूद किसी गहरी बेचैनी और असंतोष की अभिव्यक्ति है।

भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में से एक है। यह जनसांख्यिकीय स्थिति देश के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए क्योंकि युवा ऊर्जा विकास की गति को तेज कर सकती है, और चुनौती इसलिए क्योंकि यदि इस ऊर्जा को सही दिशा न मिले तो असंतोष और निराशा बढ़ सकती है। पिछले कुछ वर्षों में रोजगार का प्रश्न भारतीय युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। लाखों छात्र वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भर्तियों में देरी, पेपर लीक, सीमित पदों और प्रशासनिक जटिलताओं के कारण उनका भविष्य अनिश्चित बना रहता है। निजी क्षेत्र में भी रोजगार की गुणवत्ता और स्थिरता को लेकर अनेक प्रश्न मौजूद हैं। ऐसे में युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

कॉकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता को इसी संदर्भ में समझना होगा। यह आंदोलन केवल एक टिप्पणी की प्रतिक्रिया नहीं है। यह उस व्यापक मनोदशा का परिणाम है जो लंबे समय से बन रही थी। बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मानसिक तनाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और भविष्य की अनिश्चितता–इन सभी कारकों ने युवाओं के भीतर एक ऐसी बेचैनी पैदा की है जिसे पारंपरिक राजनीति पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं कर सकी। इसलिए जब उन्हें एक ऐसा मंच मिला जहाँ वे व्यंग्य और हास्य के माध्यम से अपनी बात कह सकते थे, तो उन्होंने उसे हाथोंहाथ स्वीकार कर लिया।

इस आंदोलन की सबसे दिलचस्प विशेषता इसका व्यंग्यात्मक स्वर है।आलसी और बेरोजगारों की आवाज सुनने में हास्यास्पद लग सकती है, लेकिन इसके भीतर गहरा राजनीतिक संदेश छिपा है। यह उस सोच पर सीधा प्रहार करती है जिसमें बेरोजगारी को अक्सर व्यक्ति की असफलता या आलस्य का परिणाम मान लिया जाता है। वास्तविकता यह है कि रोजगार का प्रश्न केवल व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आर्थिक नीतियों, शिक्षा व्यवस्था, औद्योगिक विकास और प्रशासनिक दक्षता से भी जुड़ा हुआ है। जब लाखों योग्य युवा नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे हों, तब पूरी समस्या का दोष केवल उन पर डाल देना उचित नहीं कहा जा सकता।

कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा जारी घोषणापत्र भी इस आंदोलन की गंभीरता को रेखांकित करता है। पहली मांग रोजगार और बेरोजगारी से संबंधित है, जो दर्शाती है कि यह मुद्दा युवाओं की प्राथमिक चिंता है। दूसरी मांग आलस्य के अधिकार जैसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धात्मक संस्कृति पर सवाल उठाती है। आज का युवा लगातार प्रदर्शन, सफलता और उपलब्धि के दबाव में जी रहा है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और बढ़ा दिया है, जहाँ हर व्यक्ति स्वयं की तुलना दूसरों से करता रहता है। ऐसे माहौल में यह मांग वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और मानवीय गरिमा के प्रश्न को सामने लाती है।

घोषणापत्र की तीसरी मांग राजनीति में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की बात करती है। यह महत्वपूर्ण है कि एक व्यंग्यात्मक आंदोलन भी लैंगिक समानता जैसे गंभीर विषय को अपने एजेंडे में स्थान देता है। चौथी मांग मीडिया की जवाबदेही से जुड़ी है। आज मीडिया की भूमिका को लेकर समाज में व्यापक बहस चल रही है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मीडिया का एक हिस्सा जनसरोकारों की अपेक्षा राजनीतिक और कॉर्पोरेट हितों को अधिक महत्व देता है। युवाओं के बीच यह भावना और अधिक प्रबल है क्योंकि वे अपनी समस्याओं को मुख्यधारा के विमर्श में पर्याप्त स्थान नहीं पाते।

## स्टैप्लर

बजाज साहब की मेज पर वह बिल्कुल आखिरी कोने में पड़ा रहता था। एक ऐसा अनाम कैदी, जिसकी तरफ कोई मुस्कुराकर देखता भी नहीं था। क्रोमियम की उसकी चमकीली खाल पर अब जंग और धूल की ऐसी परतें जमी थीं, जैसे इस सरकारी दफ्तर के बूढ़े बाबुओं के चेहरों पर मजबूरियों की झुर्रियां होती हैं। जब भी बजाज साहब का वो भारी, खुरदरा हाथ उसकी पीठ पर पड़ता, उसकी रीढ़ में एक तीखी कराह कौंध जाती। वह अपनी पूरी ताकत समेटकर जोर से चीखना चाहता था, पर उसके मुंह से सिर्फ एक ही आवाज निकलती थी–खट! और उस एक खट के साथ उसकी आंतों से स्टील का एक नुकीला दांत खिंचकर बाहर आता, जो सीधे उन मासूम, कोरे कागजों के सीने को बेरहमी से छेद देता। कागज की वह मूक कराह, उसका रिसता हुआ अदृश्य खून, स्टैप्लर की आत्मा को हर पल छलनी करता था। यह कैसा अभिशाप था कि उसे जिंदा रहने के लिए दूसरों के सीनों में कीलें ठोकनी पड़ती थीं? वैसे हम सब भी तो कॉर्पोरेट के दफ्तरों में यही करते हैं ना, जिंदा रहने के लिए रोज अपनी ही किसी प्यारी उम्मीद का गला घोंटते हैं।

उसे याद आता था वह चमचमाता हुआ बॉक्स, जिसमें वह मखमली गद्दी पर लेटा हुआ इस दफ्तर में आया था। तब उसके भीतर की पिनें कितनी चमकदार, कितनी बेदाग थीं! उसने सोचा था कि वह दो बिछड़े हुए पन्नों को मिलाकर उन्हें एक मुकम्मल प्रेम-कहानी देगा। वह प्यार का धागा बनेगा। लेकिन इस दफ्तर की स्याह हकीकत ने उसे जल्द ही समझा दिया कि वह मिलन का सेतु नहीं, बल्कि सरकारी फाइलों के बिखरे हुए गुनाहों को एक साथ बांधने वाला एक बेबस कसाई है। हर पिन के साथ उसका अपना एक हिस्सा टूटकर अलग हो जाता था। कुछ रिश्ते ऐसे ही होते हैं, उन्हें जबरदस्ती साथ रखने की जिद में आप खुद रोज थोड़े-थोड़े टूटते जाते हैं। दफ्तर में आज अजीब सी, उदास खामोशी थी। खिड़की से आती धूप की एक पतली सी लकीर सीधे स्टैप्लर के जख्मों को कुरेद रही थी। बगल में रखी गोंद की शीशी बड़े घमंड से मुस्कुरा रही थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 मई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:01
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - नवमी 04:31 उपरांत दसमी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 02:51 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - हर्षण 03:44 उपरांत वज्र
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा ।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 06 तारिख

**मेष-** भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है।

**वृषभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन-** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा।

**सिंह-** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या-** अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला-** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक-** कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु-** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मकर-** किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी।

**कुंभ-** ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मीन-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**समसामयिक**

## रुपये की घटती वैल्यू और बढ़ती महंगाई की मार

आजादी के बाद से ही भारतीय रुपये की वैल्यू डालर की तुलना में कम होती ही जा रहीं हैं इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर किसी ना किसी तरीके से प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वभाविक है। इसका सीधा सादा अर्थ यह भी हुआ कि भारतीय रुपया विगत 70 वर्षों से डालर से पीटता ही आ रहा है। इसे उभारने के भरसक प्रयास कभी किए ही नहीं गए हैं। अगर मन बनाकर किए गए होते तो कभी से रुपया, डालर को पछाड़ देता। इधर भारतीय बाजारों में बढ़ती महंगाई से प्रत्येक दुकानदार उपभोक्ताओं की जेब से ज्यादा राशि निकलने में अब माहिर होता जा रहा है और माहिर हो भी गया है। अगर वस्तुओ और. सेवाओं के बदले में अधिक से अधिक रुपये पैसे चुकाने पड़े तो समझो सरकार, उत्पादक, विक्रेता, फुटकर विक्रेता खुले आम उपभोक्ताओं की जेब से वस्तुओ और सेवाओं के नाम पर बदले में रुपये पैसे निकाल रहे हैं। लूट रहे हैं वसूली करते जा रहे हैं । जो एक दम सरासर गलत ही है। इससे निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग का बजट निश्चित रूप से गड़बड़ाने लगता है। वे वस्तुओ और.सेवाओं से संतुष्ट नहीं हो रहे हैं ! भूखे पेट को देश भक्ति नहीं सिखाई जाती हैं। आखिर वह अपना दुखड़ा कहे भी तो किसको कौन हैं सुनने वाला। समस्याओं को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। अभी हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते पेट्रोल डीजल दामों का हमारे देश में हरेक किराना वस्तुओ और अन्य वस्तुओ के दामों को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वस्तुओ और. सेवाओं के मनचाहे भाव उपभोक्ताओं से वसूलते है और सरकार को भी दोषी मानते हुए बड़े ही ऊँची आवाज में कहते हैं क्या करे गैस के दाम बढ़ गए हैं। पेट्रोल डीजल के भाव बढ़ गए हैं। दाम तो चुकाने ही पड़ेंगे। कुछ भी हो सरकार को महंगाई को कम करने के साथ ही उपभोक्ताओं के साथ हो रहीं खुलेआम ठगी को रोकना ही पड़ेगा ! एक तो उपभोक्ता महंगाई की मार से मरा जा रहा है ऊपर से उपभोक्ताओं के साथ वस्तुओ में मिलावट कर-के गुणवत्तापूर्ण वस्तु उपलब्ध ना कराकर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की जा रही हैं। अर्थात उपभोक्ता वस्तु के गुण और मात्रा दोनों के मान से धोखाधड़ी का शिकार होता जा रहा है। वस्तुओ में मिलावट होने से मानवीय स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है और सरकार का इस तरफ ध्यान केंद्रित नहीं है। आजादी के बाद से देश में कई सरकारे सत्तारूढ़ रहीं, जनता के सामने सीना ठोक कर कसमें वादे किए कि देश की जनता को महंगाई से छुटकारा दिलाएंगे। पर कोई भी सरकार ने ना तो देश की जनता को बढ़ती महंगाई से निजात दिलाई और ना ही डालर की तुलना में भारतीय रुपये की वैल्यू बढ़ती नजर आ रही है । बल्कि दिन प्रतिदिन डालर की तुलना मे भारतीय रुपया अपनी वैल्यू जरूर खोता जा रहा है ! सरकार को चाहिए की वह जनता को बढ़ती महंगाई की मार से बचाए और डालर की तुलना में भारतीय रुपये की वैल्यू को बढ़ाने के भरसक प्रयास करे। क्योंकि यह दोनों मुद्दे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास से जुड़े हुए हैं। इन्हें नजरअंदाज करना सबसे बड़ी भूल भी है और सबसे बड़ी बेईमानी भी है।





डॉ. मदनलाल गांगले
(दैनिक अवन्तिका)

# डिग्रियों के जंगल में खोता कौशल



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की आत्मा सदैव श्रम, कौशल और संस्कारों पर आधारित रही है। यहाँ शिक्षा का अर्थ केवल अक्षर ज्ञान नहीं था, बल्कि जीवन जीने की कला सीखना भी था। गुरुकुलों में विद्यार्थी वेद पढ़ते थे, तो साथ ही स्वयं भोजन बनाना, आश्रम की व्यवस्था संभालना, कृषि, शिल्प और सेवा कार्य भी सीखते थे। यही कारण था कि भारतीय शिक्षा व्यक्ति को केवल नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि समाज का उपयोगी और आत्मनिर्भर नागरिक बनाती थी।

आज समय बदल गया है। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों को पुस्तकों और डिग्रियों तक सीमित कर दिया है। एक बच्चा 20-25 वर्ष तक विद्यालय, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी युवावस्था खपा देता है, लेकिन जब नौकरी नहीं मिलती, तब उसे यह अहसास होता है कि उसके पास जीवन चलाने योग्य कोई व्यावहारिक कौशल ही नहीं है। यही स्थिति आज देश के लाखों युवाओं में मानसिक तनाव, बेरोजगारी और आत्मविश्वास की कमी का कारण बन रही है।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों के कौशल विकास और कार्य संस्कृति को लेकर दिए गए वक्तव्य ने एक गंभीर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया है। उनका आशय यह था कि यदि मंशा शोषण की नहीं, बल्कि प्रशिक्षण और संस्कार की हो, तो बच्चों को पारिवारिक व्यवसाय, हुनर और कार्य प्रणाली से जोड़ने में कोई बुराई नहीं है। वास्तव में भारतीय समाज में सदियों तक यही व्यवस्था रही है। किसान का पुत्र खेती सीखता था, व्यापारी का पुत्र व्यापार, कारीगर का पुत्र शिल्प और कलाकार का पुत्र कला। इसी परंपरा ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया था। यहाँ सबसे महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है – बाल श्रम और बाल कौशल प्रशिक्षण एक जैसी चीजें नहीं हैं।

यदि किसी बच्चे से कारखानों, होटलों या खतरनाक स्थानों पर शोषणपूर्ण परिस्थितियों में मजदूरी करवाई जाती है, तो वह निश्चित रूप से अमानवीय और दंडनीय अपराध है। लेकिन यदि वही बच्चा परिवार के संरक्षण में अपने व्यवसाय, कला, कृषि, तकनीक या जीवनोपयोगी कौशल सीखता है, तो वह उसके व्यक्तित्व निर्माण का हिस्सा बन सकता है। भारत की पारंपरिक व्यवस्था इसी सिद्धांत पर आधारित थी।

आज पश्चिमी मॉडल की शिक्षा ने हमें यह विश्वास दिला दिया है कि सफलता का अर्थ केवल डिग्री और नौकरी है। परिणाम यह हुआ कि करोड़ों युवा डिग्रियों के बावजूद रोजगारविहीन हैं। 70 और 80 के दशक में डिग्रीधारी कम थे और सरकारी नौकरियाँ अपेक्षाकृत अधिक थीं। लेकिन 1995 के बाद शिक्षा का विस्तार तो हुआ, परंतु कौशल आधारित प्रशिक्षण का विकास नहीं हो पाया। अब स्थिति यह है कि हर हाथ में प्रमाण पत्र है, लेकिन हाथों में हुनर नहीं है।

यह भी कटु सत्य है कि जिस युवा ने अपने जीवन के 25 वर्ष केवल किताबों और प्रतियोगी परीक्षाओं में लगाए हों, वह अचानक मजदूरी, कृषि, तकनीकी कार्य या व्यवसाय नहीं कर पाता। उसका शरीर, मन और व्यवहार उस श्रम संस्कृति से अनभिज्ञ रह जाता है। परिणामस्वरूप वह बेरोजगारी और मानसिक अवसाद के बीच फँस जाता है। भारत जैसे विशाल और विकासशील देश को अब अपनी शिक्षा नीति में गंभीर परिवर्तन करने की आवश्यकता है। विद्यालयों में केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनिवार्य स्किल डेवलपमेंट, कृषि, हस्तशिल्प, तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल कार्य, वित्तीय ज्ञान और पारिवारिक व्यवसाय की समझ भी दी जानी चाहिए। यदि 10-15 वर्ष की आयु से बच्चों को नियंत्रित, सुरक्षित और शिक्षणात्मक वातावरण में कौशल प्रशिक्षण मिले, तो 20 वर्ष की आयु तक वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

**धर्म-आस्था**

# सुंदरकांड के बाद खुला सच : रामायण पढ़ने वाले कैदी की कहानी

भारतीय समाज में जेल शब्द सुनते ही मन में अपराध, भय और कठोरता की छवि बनती है। लेकिन कभी-कभी उन्हीं जेलों की दीवारों के भीतर ऐसी कहानियाँ जन्म लेती हैं, जो इंसानियत, धर्म और न्याय के अर्थ को नए सिरे से समझाती हैं। हाल ही में एक ऐसी ही कहानी चर्चा में आई, जिसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या हर वह व्यक्ति अपराधी होता है जिसे अदालत ने सजा दी हो?

यह कहानी किसी शहर, जेल या व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि उस मानवीय संवेदना की है जो आज भी हमारे समाज में जीवित है।

कहते हैं कि एक जेल की बैरक में एक कैदी रोज सुबह चार बजे उठकर रामायण का पाठ करता था। जेल का वातावरण सामान्यतः तनाव, क्रोध और अपराधबोध से भरा रहता है, लेकिन उस कैदी की आवाज में अजीब शांति थी। वह विशेष रूप से सुंदरकांड का पाठ करता और फिर अन्य कैदियों को चौपाइयों का अर्थ समझाता।

धीरे-धीरे जेल का माहौल बदलने लगा। जो कैदी दिनभर गाली-गलौज करते थे, वे शांत होने लगे। कुछ ने पढ़ना शुरू किया, कुछ ने झगड़े छोड़ दिए। जेल प्रशासन के लिए यह आश्चर्य का विषय था कि जिस व्यक्ति को हत्या के अपराध में उम्रकैद मिली हो, वही दूसरों को धर्म, संयम और करुणा का पाठ पढ़ा रहा था।

जेल अधिकारियों के मन में हमेशा एक प्रश्न रहता – आखिर ऐसा व्यक्ति हत्या कैसे कर सकता है?

फिर एक दिन एक चिट्ठी आई। वह उस बच्ची की थी, जिसके पिता की हत्या के आरोप में वह कैदी जेल में बंद था। बच्ची ने केवल एक सवाल पूछा – ह्लयदि आप रामायण पढ़ते हैं, तो आपने मेरे पिता को क्यों मारा?

यहीं से कहानी ने नया मोड़ लिया।

सुंदरकांड के पाठ के बाद उस कैदी ने वर्षों से छिपा सच पहली बार बताया। उसने स्वीकार किया कि गोली उसी ने चलाई थी, लेकिन कारण केवल हत्या नहीं, बल्कि एक मासूम बच्ची और उसकी माँ की रक्षा था। उसने बताया कि जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई, वह शराब और हिंसा के प्रभाव में अपने ही परिवार की जान लेने पर उतारू था। उस क्षण उसके सामने केवल दो विकल्प थे – चुप रहना या एक निर्दोष जीवन बचाना। उसने जो किया, उसका दंड उसे मिला। अदालत में भी उसने स्वयं को निर्दोष साबित करने का प्रयास नहीं किया, क्योंकि वह उस भयभीत परिवार को और संकट में नहीं डालना चाहता था।

यह प्रसंग केवल एक कानूनी विवाद नहीं, बल्कि धर्म और न्याय के बीच खड़े मनुष्य की पीड़ा का उदाहरण है। रामायण में सुंदरकांड को साहस, भक्ति और संकटमोचन का प्रतीक माना जाता है। हनुमानजी जब समुद्र पार करते हैं, तो उनके सामने अनेक बाधाएँ आती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल एक होता है – निर्दोष की रक्षा।

राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम।

भारतीय परंपरा में धर्म का अर्थ केवल पूजा नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी है। यही कारण है कि रामायण में बार-बार करुणा और परहित को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

परहित सरिस धर्म नहिं भाई,
पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।

यह कहानी इसी चौपाई को जीवंत करती दिखाई देती है।

आज समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम किसी व्यक्ति का मूल्यांकन केवल अदालत की फाइल या सोशल मीडिया की सुर्खियों से कर देते हैं। जबकि कई बार सच्चाई वर्षों बाद सामने आती है। हर अपराध के पीछे केवल क्रूरता नहीं होती, कभी-कभी मजबूरी, भय और किसी निर्दोष की रक्षा का संघर्ष भी होता है। यह घटना हमारी न्याय व्यवस्था के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश छोड़ती है। कानून आवश्यक है, लेकिन संवेदना भी उतनी ही आवश्यक है। न्याय केवल धाराओं का पालन नहीं, बल्कि परिस्थितियों की आत्मा को समझने का नाम भी है। सबसे सकारात्मक पहलू यह रहा कि वर्षों बाद सत्य सामने आने पर उस व्यक्ति को न्याय मिला। लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या समाज उन सात वर्षों को वापस लौटा सकता है जो उसने जेल में बिताए?

फिर भी उस व्यक्ति के भीतर कोई कटुता नहीं थी। उसने जेल से बाहर आकर भी रामायण का पाठ और सेवा का कार्य जारी रखा। उसने यह सिद्ध कर दिया कि परिस्थितियाँ मनुष्य को कैदी बना सकती हैं, लेकिन विचारों को नहीं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी-टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## गंगा दशहरा पर जिलेभर में होगा सामूहिक श्रमदान एवं दीपदान कार्यक्रम

**कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश**

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत आगामी 25 मई, 2026 को गंगा दशहरा के अवसर पर राजगढ़ जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में एक साथ व्यापक जनभागीदारी के साथ श्रमदान, साफ-सफाई एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र में प्रभावी गतिविधियां आयोजित की जाएं तथा आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में तालाबों, बावड़ियों, कुओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी कार्य कराए जाएं तथा सायंकाल दीपदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रमों की सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाएं तथा आयोजित गतिविधियों के फोटो एवं वीडियो शासन को प्रेषित किए जाएं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा प्रस्तावित

**खाचरोद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत शासन द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा निकाली जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा बताया गया है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत वैष्णो देवी तथा हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ हेतु तीर्थ यात्रा का आयोजन आगामी दिनों में किया जावेगा। जो भी इच्छुक नागरिक शासन की योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, वह कार्यालय नगर पालिका में कार्यालयीन समय में प्रभारी योगेश शर्मा 8120100124 से जानकारी प्राप्त कर आवेदन जमा कर सकते हैं।शासन द्वारा वैष्णो देवी यात्रा तथा हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में 60 वर्ष के पुरुष व 58 वर्ष तक की महिलाएं आवेदन कर तीर्थ दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वैष्णो देवी तीर्थ की यात्रा की आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई है तथा हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ की यात्रा की अंतिम तिथि 12 जून हैं। नगर पालिका अध्यक्ष भरावा द्वारा नागरिको से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पात्र इच्छुक नागरिक यात्रा हेतु आवेदन करें तथा शासन की इस महत्ती योजना का लाभ प्राप्त कर तीर्थो के दर्शन करें।

## पुलिस ने चोरी, नकबजनी एवं लूट के मामलों का किया पर्दाफाश



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा। राजगढ़ थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरी, लूट एवं नकबजनी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपीगणों को गिरफ्तार कर चोरी किया कुल 3,55,200 रु का माल जप्त किया। फरियादी लालसिंह पिता मनीराम 55 वर्ष निवासी ग्राम राजलिबे थान कोतवाली राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात में उसकी मोटरसाइकिल परेड ग्राउंड रोड राजगढ़ पर रखी थी जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी सूरज उर्फ सुरेश कुमार पिता रामप्रसाद भील 19 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया लोधान थाना दांगीपुरा, राजस्थान, राकेश पिता जगदीश तंवर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया लोधान थाना दांगीपुरा, राजस्थान को गिरफ्तार कर एक पानी की मोटर कीमत 5000 रुपए, बाईक कीमत 30,000, 3 चोरी के मोबाइल के अतिरिक आरोपी के कब्जे से 7 अन्य चोरी के मोबाइल मिले जिन्हें जप्त किया कुल कीमत 3,20,000 रु खोयरी मंदिर की दानपेटी से चोरी गए रुपयों में से 200 रु जब्त किए इसप्रकार कुल 355200 रुपए का माल जप्त किया। आरोपियो ने राजगढ़ से मोटरसाइकिल चोरी की जिसका उपयोग राजस्थान से रात्रि के समय राजगढ़ में चोरी करने के लिए करते थे, घटना घटित कर वापस राजस्थान चले जाते थे, वारदात के वक्त आरोपीगण मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे जो राजगढ़ के अतिरिक्त कई अन्य जगह भी चोरी करते थे। आरोपी सूरज भील के चोरी से संबंधित आपराधिक रिकॉर्ड राजस्थान के झालरापाटन जिला झालावाड़, पाटन जिला झालावाड़, रामगंज मंडी जिला झालावाड़, कोतवाली झालावाड़, थानों में भी दर्ज हैं।

## आष्टा में पंडित नागर की कथा सोमवार से

**आष्टा।** आष्टा में मालवा के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कमलकिशोर नागर की श्रीमद् भागवत कथा सोमवार, 24 मई से शुरू होगी। यह कथा 30 मई तक भोपाल-इंदौर मार्ग बाईपास स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित की जाएगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति ने कथा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पत्नी संगीता अकेला पुत्री स्व. कैलाशचन्द्र अंबावदिया निवासी 199 वृंदावन धाम, इन्दौर रोड़, उज्जैन मुझे येनकेनप्रकारेण षडयन्त्र रचकर मुझे झूठे मुकदमें बाजी में फंसाने की गरज से व मुझे ब्लेकमेल करने की नियत से आए दिन झूठी रिपोर्ट करती आई है, उक्त महिला संगीता अकेला ने दूसरे आदमी से विवाह कर लिया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। मेरा किसी भी महिला से कोई संबंध सारोकार नहीं है, मैं शालीनी ठाकुर उर्फ सोनू ठाकुर नामक महिला को ना ही जानता हूँ और ना ही पहचानता हूँ। कथित महिला शालिनी ठाकुर से मेरा कोई संबंध नहीं है। यदि तथाकथित महिला शालिनी ठाकुर का नाम जोड़कर कोई भी कार्यवाही की जाती है तो वह गलत मानी जावे, उक्त महिला के विरूद्ध मेरी पत्नी ने अपने पुत्र आशुतोष से षड्यन्त्र रचकर मुझे निरन्तर प्रताड़ित एवं ब्लेकमेल करने के लिये मेरे खिलाफ उक्त महिला के साथ झूठी शिकायत करवाई है। मुझे मेरी पत्नी निरन्तर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। इस संबंध में मैं पृथक से संबंधित पुलिस अधिकारियों को भी शिकायत दे रहा हूँ।

इति दिनांक - 23/05/2026

**नारायण अकेला पिता स्व. श्री हीरालाल जी अकेला,**
**व्यवसाय - शासकीय नौकरी,**
**निवासी 134, अभिलाषा कालोनी, उज्जैन (म.प्र.)**


# करोड़ों की बिल्डिंग, लेकिन सुविधाओं का इंतजार सिविल अस्पताल में 13 पदों पर सिर्फ 3 डॉक्टर तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शासकीय सिविल अस्पताल भवन का उद्घाटन 18 अक्टूबर 2025 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन होने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि अब उन्हें आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी, लेकिन उद्घाटन के कई महीनों बाद भी अस्पताल व्यवस्थाओं की अधूरी तस्वीर लोगों के सामने बनी हुई है।

अस्पताल भवन आधुनिक स्वरूप में तैयार जरूर हो चुका है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं की कमी कई सवाल खड़े कर रही है। सिविल अस्पताल में स्वीकृत 13 डॉक्टरों के पदों में से फिलहाल केवल 3 डॉक्टर ही पदस्थ हैं, जबकि 10 पद रिक्त पड़े हुए हैं। ऐसे में नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिलने की उम्मीद अधूरी नजर आ रही है।

अस्पताल भवन की सबसे बड़ी समस्या इसकी पहुंच व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सामने आ रही है। मुख्य मार्ग से अस्पताल भवन सीधे दिखाई नहीं देता और अस्पताल तक पहुंचने के लिए करीब 10 फीट चौड़ा संकरा रास्ता ही मौजूद है। यही रास्ता पीछे की कॉलोनी में रहने वाले लोगों के आवागमन के लिए भी उपयोग में लिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी गंभीर मरीज को इमरजेंसी में अस्पताल लाया जाए और उसी समय रास्ते में कोई वाहन खराब हो जाए या ओवरलोड वाहन फंस जाए, तो एम्बुलेंस का निकलना मुश्किल हो सकता है। ऐसी स्थिति में मरीज की जान पर भी बन सकती है।

अस्पताल परिसर के चारों ओर अब तक बाउंड्री वॉल भी नहीं बन पाई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता बनी हुई है। इस संबंध में जब बीएमओ जीरापुर सुनील चौरसिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल की चारदीवारी निर्माण के लिए लगभग 16 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है, लेकिन पीछे बने भवन और एक ओर स्थित मदरसे की ओर से आपत्ति दर्ज कराए जाने के कारण बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य अटका हुआ है।

मुख्य मार्ग से अस्पताल तक सुगम रास्ते को लेकर उन्होंने बताया कि वर्तमान में यही रास्ता उपलब्ध है। वहीं पुरानी कोर्ट बिल्डिंग, जो काफी जर्जर हो चुकी है और जिसे हटाने का प्रस्ताव भी बताया जा रहा है, यदि हटाई जाती है तो मुख्य सड़क से अस्पताल तक सीधा मार्ग बन सकता है। हालांकि इस संबंध में भी संबंधित विभाग द्वारा आपत्ति जताई जा रही है।

नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार किए गए अस्पताल भवन का पूरा लाभ तब तक नहीं मिल पाएगा, जब तक यहां पर्याप्त डॉक्टर, सुरक्षा व्यवस्था और सुगम पहुंच मार्ग उपलब्ध नहीं कराया जाता। वर्तमान स्थिति में अस्पताल खुद ही कई मूलभूत कमियों से जूझता नजर आ रहा है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग व जनप्रतिनिधि इन समस्याओं का समाधान कब तक कर पाते है और नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सिविल अस्पताल की वास्तविक सुविधा कब मिल पाएगी।

## कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष परमार ने की मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां

**महिदपुर रोड।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने महिदपुर रोड मंडलम क्षैत्र के विभिन्न चौदह मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां क रते हुए विभिन्न मंडलम में युवा कार्य शील नियुक्त किया है। महिदपुर रोड मंडलम की गई नई नियुक्तियों के अनुसार महिदपुर रोड मंडलम में मांगीलाल आंजना को झुटावद मंडलम में भूपेन्द्र सिंह पंवार को डेलचीखुर्द मंडलम में गिरधारी लाल चौहान को पेटलावद मंडलम में लखन वर्मा को सगवाली मंडलम में रघुवीर सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया इसी के साथ आठ अन्य मंडल में भी अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## 2 बसों की फिटनेस निरस्त, 11 पर जुर्माना, परिवहन विभाग ने 55 बसों की जांच कर हटाए पार्टीशन गेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की है। एक संयुक्त जांच अभियान के दौरान 55 बसों की जांच की गई, जिसमें दो बसों की फिटनेस निरस्त कर दी गई और 11 बसों पर 55 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने यह अभियान चलाया। इंदौर-देवास और इंदौर-उज्जैन मार्गों पर यात्री बसों की सघन जांच की गई, जिसमें सुरक्षा और दस्तावेज संबंधी कई गंभीर कमियां सामने आईं। जांच के दौरान बसों में परमिट, फिटनेस, बीमा, यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था और पार्टिशन गेट जैसे आवश्यक दस्तावेजों और सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के तहत बसों के अंदर लगे पार्टिशन गेट और स्लाइडिंग हटवाई गईं। साथ ही, आपातकालीन खिड़कियों को खुलवाकर उनकी कार्यप्रणाली भी जांची गई। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि सड़कों पर केवल सुरक्षित और नियमों का पालन करने वाले वाहन ही संचालित हों, यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसे विशेष जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।

**कलेक्टर के आदेश बेअसर :**

# तहसील में टीन शेड लगे, मगर नहीं मिली अर्जी-नवीस संचालकों को दुकानें

**जनवरी 2021 में तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी ने तहसील परिसर से हटाई थी दुकानें, पात्रों को अब तक नहीं मिली**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



तहसील परिसर में अर्जी-नवीस संचालकों को दुकान देने के आदेश कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्थानीय प्रशासन को दिए थे, जिसके बाद तहसील परिसर में करीब छः माह से टीनशेड भी बनकर तैयार है लेकिन अब तक पात्रों को दुकानें आवंटित नहीं हो पाई है, जिससें संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### तहसील परिसर में पांच वर्ष पहले हटाई थी दुकानें

गौरतलब है कि 15 जनवरी 2021 में तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियो ने तहसील परिसर से जिन अर्जी-नवीस की अवैध 20 दुकानों को हटाया था, तहसील परिसर में पांच वर्ष बाद भी नही लग सकी है जबकि इन दुकानों को व्यवस्थित और वैद्य तरीके से लगाने की तैयारी बीते वर्ष स्थानीय प्रशासन ने शुरू की थी। क्योंकि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से हमारे द्वारा यह कदम उठाते हुए रजिस्ट्रेड और लाइसेंसधारी अर्जी-नवीस संचालकों को टीनशेड लगाकर नियमानुसार दुकानें आवंटित की जाना है ताकि कार्यालय का काम लोगो का यही पर हो जाए। हालांकि अभी तक दुकानें पंजीकृत दुकानदार को आवंटित नहीं होने से उनके अंदर निराशा है और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि उस समय कार्रवाई में तहसील कार्यालय में वर्षो से अवैध रूप से संचालित गुमटियों, रजिस्ट्री लेखकों की करीब 20 दुकानों को तहसील परिसर से बेदखल किया था तहसील परिसर को पुरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर दिया था। दुकानदार लखन धनगर ने कहा कि कलेक्टर महोदय के स्पष्ट निर्देश है कि हम सभी पंजीकृत दुकान संचालकों को दुकानें आवंटित की जाए, लेकिन स्थानीय प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब हम कलेक्टर महोदय से यह उम्मीदें है कि एक बार फिर उनकी दुकानें तहसील परिसर में संचालित हो सकेगी। जिससें हमारी परेशानियां दूर होंगी।

**बोले जिम्मेदार**

सारंगपुर के पंजीकृत अर्जी-नवीस संचालकों की सूची भिजवा दी गई है। यदि अभी तक दुकानें आवंटित नहीं की गई है तो हमारे द्वारा इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

**डा. गिरीश कुमार मिश्रा**
**कलेक्टर, राजगढ़।**

## नए मतदाता के नाम जोड़ने का विधायक बोस ने की माँग

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश में आगामी पंचायत एवं नगर पालिका चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने एवं त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 15 मई 2026 से प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रारंभ हो चुकी है। यह कार्य 25 मई 2026 तक जारी रहेगा, जिसमें बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में विधायक दिनेश जैन बोस की उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने नगर के सभी बी.एल.ए. एवं कार्यकर्ताओं को पुरानी मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों के नाम, स्थान एवं संबंधित कर्मचारियों के मोबाइल नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही उन्होंने अपने-अपने वार्ड में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़वाने का अनुरोध किया। विधायक दिनेश जैन बोस ने भी सभी बी.एल.ए. एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर पात्र नागरिकों के नाम अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने बताया कि नए नाम जोड़ने के फार्म संबंधित बी.एल.ओ. के पास अपने-अपने बूथ पर उपलब्ध हैं। यह भी जानकारी दी गई कि जिन नए मतदाताओं ने के दौरान अपने नाम दर्ज कराए थे, उन्हें पुनः फार्म भरना होगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित मतदान केन्द्र पर जाकर बी.एल.ओ. से संपर्क किया जा सकता है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोध दिवस मनाया

**महिदपुर।** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के तत्वावधान में स्थानीय आम्बेडकर चौक पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के प्रणेता थे और उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। वे एक युगदृष्टा और आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने देश को 21वीं सदी में ले जाने का जो सपना देखा था, उसे साकार करने का कार्य आगे की सरकारों ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर उनकी महान विरासत को सदैव स्मरण रखना चाहिए तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर देश की एकता को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रुपयों के विवाद में युवक पर चाकू से हमला, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**शुजालपुर।** ढोल बजाने के रुपयों के विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 शीतला नगर निवासी सतीश उर्फ सत्यनारायण घावरी पिता हिंदुसिंह घावरी उम्र 35 वर्ष ढोल बजाने का कार्य करता है। फ रियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुजालपुर मंडी निवासी संतोष राव ने ढोल बजाने के 16 हजार रुपए पार्टी से लेकर अपने पास रख लिए थे। कई बार मांगने के बावजूद आरोपी रुपए देने में टालमटोल कर रहा था। फ रियादी के अनुसार 21 मई को सुबह करीब 11.45 बजे वह शुजालपुर मंडी स्थित बस स्टेंड शराब ठे-के के पास खड़ा था। इसी दौरान वहां संतोष राव आया। उसने जब अपने रुपए मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर संतोष राव ने जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में फ रियादी के उल्टे हाथ की भुजा पर दो जगह चोट आई, जबकि गले एवं सीधे हाथ की कलाई पर भी चाकू लगने से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अभिषेक घावरी, लक्की मालवीय एवं रवि वाल्मीकि ने बीच-बचाव किया। घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी कमल कुमार नाहर पिताा माणक चंद्र जी नाहर निवासी 02 दादा भाई नौरोजी मार्ग गली नंबर 03, पत्थरगली उज्जैन (म.प्र.) उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 02, स्थित दादाभाई नोरोजी मार्ग गली नंबर 03, पत्थर गली उज्जैन में स्थित हैं। दो मंजिल गार्डफीर्शी का टीनपोश का बना हुवा हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 191.86 वर्गमीटर हैं। पूर्व में मकान गुलाम हुसैन व मकान अब्दुल कादर का मिला है पश्चिम में गली व मकान सुरजमल जी महाजन का मिला है उत्तर में हकीमउद्दीन का मिला है दक्षिण में मकान अन्य का मिला हैं, को क्रय करने का लिखित करार करते हुऐ मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय मुल्य में बयाना राशि भुगतान कर दी गई है तथा शेष राशि अनुबंधानुसार भुगतान की जावेगी और निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने स्वंय अथवा द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर है यदि उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें। बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेवेगे और तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक :- 22.05.2025

**जीएच शेख, हाईकोर्ट एडव्होकेट, जीएफ शेख, (सर्विस प्रोवाईडर)**
**123, बेगम बाग चौराहा मस्जिद जामा-ए-शकेब के पास उज्जैन**
**मोबा. 9300647361,9303040316 8103674189**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चंदर पिता हरजी निवासी ग्राम रूपाखेडी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन द्वारा ग्राम सूरजाखेडी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 44/2 रकबा 0.60 हे० स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम सूरजाखेडी तहसील उन्हैल में स्थित है उक्त सर्वे नंबर 44/2 रकबा 0.60 हे० बहादूरसिंह पिता रणछोड जाति आंजना निवासी ग्राम सोडंग तहसील घटिया जिला उज्जैन म०प्र० से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋृण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 23.05.2026

**अजय मौर्य एडव्होकेट**
**उन्हैल तहसील उन्हैल जिला उज्जैन**
**मोबा. 9893257210**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भरत आसवानी पिता गोविन्दराम आसवानी, निवासी-33/1 संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-100/3/2 रकबा 0.4180 हेक्टर जो कि ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई हैं शेष राशि अदा करना बाकी हैं। यदि उक्त भूमि में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋृण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक-23.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शांतिलाल पिता श्री कवंरलाल जी, निवासी-शंकरपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-97/1 रकबा 0.4180 हेक्टर जो कि ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई हैं शेष राशि अदा करना बाकी हैं। यदि उक्त भूमि में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋृण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो।

इति दिनांक-23.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी नानू बाई पिता श्री राधाकिशन जी, निवासी-शंकरपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-100/4 रकबा 1.0000 हेक्टर जो कि ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई हैं शेष राशि अदा करना बाकी हैं। यदि उक्त भूमि में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋृण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक-23.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी ईश्वरलाल पिता श्री भेरूलाल जी, निवासी-उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-100/5 रकबा-1.0000 हेक्टर जो कि ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई हैं शेष राशि अदा करना बाकी हैं। यदि उक्त भूमि में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋृण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंध कग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-23.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

# खेत पर सो रहे दो युवकों पर फायरिंग और लाठी-डंडों से हमला

## सरपंच सहित तीन पर आरोप

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र स्थित इंदौर बड़ोदिया गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। देर रात खेत पर सो रहे दो युवकों पर जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने खौफ पैदा करने के लिए पहले युवकों के पैरों पर गोलियां दागीं और फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। खून से लथपथ घायलों ने इस हमले का आरोप गांव के सरपंच और उसके साथियों पर लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवकों की पहचान रवि 25 पिता रोडू सिंह और लालसिंह 27 पिता भारत सिंह के रूप में हुई है। दोनों युवक रात के समय अपने खेत पर सो रहे थे। घायलों के मुताबिक, रात करीब 3 बजे कुछ लोग वहां आ धमके और उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पैरों में गोली लगने और मारपीट से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### परिजनों को फोन कर दी सूचना, अस्पताल में भर्ती

हमले के बाद दोनों घायलों ने किसी तरह अपने परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल लेकर आए। फिलहाल अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घायल रवि और लालसिंह ने गांव के सरपंच पर अपने साथियों के साथ मिलकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ितों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार को भी उनके साथ मारपीट की गई थी और देर रात फिर से उन पर यह जानलेवा हमला किया गया।



घायल रवि के मामा रामसिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस हमले की मुख्य वजह गांव की पुरानी चुनावी रंजिश है, जिसके चलते यह खूनी संघर्ष हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सुंदरसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मनीषा शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर लिया है और घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि लगाए गए आरोपों और तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## डेढ़ साल की बच्ची समेत 3 मासूम जिंदा जले

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में कच्चे मकान में लगी भीषण आग में तीन मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को चपेट में ले लिया। अंदर मौजूद बच्चे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन तब तक बच्चों की मौत हो चुकी थी। मृत बच्चों की पहचान डेढ़ वर्षीय रिधि साकेत, 6 वर्षीय धुम्मू उर्फ संध्या साकेत और 3 वर्षीय एक अन्य बच्चे के रूप में हुई है। सभी जमोड़ी के काशीहवा गांव के रहने वाले थे। हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। गांव के पुष्पराज मिश्रा ने बताया कि घर के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में स्पार्किंग हुई। चिंगारी पास में रखे बांस और सूखे सामान पर गिरी, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते पूरा कच्चा मकान आग की लपटों में घिर गया। घटना के समय घर बाहर से बंद था और अंदर तीनों बच्चे मौजूद थे। बच्चों की मां घर से जाते समय दरवाजा बाहर से बंद कर गई थी, जिससे बच्चे अंदर ही फंस गए। जमोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम काशीहवा में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे आग लगी थी। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

## नस काटी फिर भी न्याय नहीं मिला तो जहर खा लिया

**रीवा।** रीवा में सरकारी शिक्षक अनिल कुमार तिवारी ने दो दिन के अंदर दोबारा आत्महत्या करने की कोशिश की। 21 मई (गुरुवार) को उन्होंने कलाई की नस काट ली थी। शुक्रवार को जब उन्हें होश आया तो बेटे से पूछा- कोई कार्रवाई हुई क्या? हमारी फरियाद किसी ने सुनी क्या...? जब उन्हें पता चला कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं तो निराश होकर उन्होंने जहर खा लिया। उन्हें फिर से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। भाई धीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि अनिल को गंभीर हालत में अस्पताल से जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। जब वे घर पहुंचे तो पता चला कि आरोपी गांव में कह रहे हैं कि अगर वह अस्पताल से बच कर आया तो हम जिंदा नहीं छोड़ेंगे। उसकी मरने की तमन्ना जरूर पूरी करेंगे। प्रशासन और पुलिस की उदासीनता से परेशान होकर उन्होंने फिर से आत्मघाती कदम उठा लिया।

## पेयजल संकट ने ली 3 आदिवासी छात्राओं की जान



**रायसेन।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और जल संकट अब जानलेवा साबित होने लगा है। एक तरफ रायसेन जिले में पानी भरने गई तीन आदिवासी छात्राओं की कुएं में डूबने से मौत हो गई, तो दूसरी ओर छिंदवाड़ा में उभरती कराटे और ताइक्वांडो खिलाड़ी केशिका चौरे की भी कुएं में गिरने से जान चली गई। रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील स्थित सगौर गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर कुएं से पानी लाना पड़ता है। शनिवार सुबह चार छात्राएं पानी भरने के लिए कुएं पर पहुंची थीं। इसी दौरान वे नहाने लगीं और अचानक एक छात्रा का पैर फिसल गया। अपनी सहेली को बचाने के लिए दूसरी और फिर तीसरी छात्रा भी कुएं में कूद गई, लेकिन गहरे पानी में तीनों की डूबने से मौत हो गई।

## सबूत मिटाने प्रयास कर रहे तस्कर नीचे गिरा

**पांढुर्णा, छिंदवाडा।** पांढुर्णा जिले के सौसर में 60 से 70 की स्पीड में चलती कार से अवैध शराब फेंकने और तस्कर के खुद गिरने का वीडियो सामने आया है। घटना बीती रात सौसर के कुद्दम ओवरब्रिज पर हुई। वीडियो में एक युवक चलती बोलेरो से शराब की बोतलें सड़क पर फेंकता दिख रहा है। कुछ ही सेकंड बाद वह खुद भी वाहन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान रामाकोना निवासी अभय राठौर के रूप में हुई है। घटना के बाद उसे तुरंत सौसर अस्पताल ले जाया गया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें तथा घसीटने के निशान पाए जाने पर डॉक्टरों ने उसे नागपुर रेफर कर दिया।

## सीहोर में 108 एंबुलेंस को राहगीर लगा रहे धक्का

**सीहोर।** सीहोर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था सामने आई है। यहां मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाली 108 आपातकालीन एंबुलेंस तकनीकी खराबी के कारण अक्सर रास्तों में ही बंद हो रही हैं। अस्पताल परिसर से लेकर नेशनल हाईवे तक इन वाहनों को राहगीरों द्वारा धक्का लगाकर चालू करना पड़ रहा है। मेंटेनेंस के अभाव में खराब हो रहीं इन एंबुलेंस से मरीजों की जान जोखिम में पड़ गई है। आमतौर पर एंबुलेंस का सायरन सुनकर लोग किसी की जान बचाने के लिए तुरंत रास्ता छोड़ देते हैं। लेकिन सीहोर में अब इन एंबुलेंस को सड़क पर आगे बढ़ाने के लिए आम जनता को ही धक्का लगाना पड़ रहा है। आपात स्थिति में रास्ते में एंबुलेंस बंद होने से गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पाने का बड़ा खतरा बना हुआ है।

## कोलकाता में ममता बनर्जी की डिजाइन की गई मूर्ति तोडी

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने शनिवार को कोलकाता में सॉल्ट लेक स्टेडियम के बाहर लगी मूर्ति को तुड़वा दिया। इसे पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डिजाइन किया था। इसे 2017 में पश्चिम बंगाल में आयोजित हुए फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप से पहले लगाया गया था।स्टेडियम के वीवीआई गेट के सामने लगी इस मूर्ति में फुटबॉल बूट पहने हुए खिलाडी के 2 पैरों पर फुटबॉल बने हुए थे। मूर्ति में कमर के ऊपर भी फुटबॉल बनी हुई थी। मूर्ति पर सरकार का ब्रांडिंग स्लोगन 'बिश्वा बांग्ला' लिखा हुआ था। नीचे लिखा हुआ था- कॉन्सेप्ट एंड डिजाइन बाय ममता बनर्जी।

## मानसून पूर्व तैयारियों में जुटा विद्युत विभाग, लाइनों के पास से काटीं टहनियां

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

आगामी मानसून के दौरान आंधी-बारिश में शहरवासियों को अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े, इसके लिए विद्युत विभाग ने अभी से कमर कस ली है। इसी कवायद के तहत शनिवार को शहर के मुरादपुर फीडर पर वृहद स्तर पर तकनीकी सुधार कार्य किया गया। हालांकि, इस प्री-मानसून मेंटेनेंस के चलते सुबह के व्यस्त समय में लगातार चार घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बारिश के मौसम में निर्बाध और सुरक्षित विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए यह रखरखाव बेहद जरूरी था। ऐसे में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक मुरादपुर क्षेत्र की बिजली पूरी तरह बंद रखकर अमले ने लाइनों और ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस किया। इस दौरान सबसे अहम कार्य उन पेड़ों की टहनियों की छंटाई का रहा, जो विद्युत लाइनों को छू रही थीं। अमूमन तेज हवाओं में डालियां तारों से टकराकर शॉर्ट सर्किट या तार टूटने का कारण बनती हैं। बारिश के दौरान ऐसी किसी भी तकनीकी खराबी या हादसे को टालने के लिए कर्मचारियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाइनों के आस-पास उगी डालियों को काटा और केबल्स को व्यवस्थित किया। सुरक्षा के लिहाज से भले ही यह कार्य आवश्यक था, लेकिन सुबह-सुबह हुई इस लंबी कटौती ने शहर के कई इलाकों की दिनचर्या बिगाड़ कर रख दी। सुबह के समय बिजली न होने से सबसे ज्यादा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा। घरों में मोटर पंप चालू नहीं हो सके, जिससे छतों पर रखी टंकियां खाली रह गईं और महिलाओं के घरेलू कामकाज भी प्रभावित हुए। इसके अलावा, सुबह से ही तीखी धूप और उमस होने के कारण पंखे-कूलर शो-पीस बनकर रह गए। चार घंटे तक बिजली का इंतजार करते हुए नागरिक गर्मी से पसीने में तरबतर और बेचैन नजर आए। सुबह 11 बजे के बाद जब लाइनों में करंट दौड़ा, तब जाकर शहरवासियों ने राहत की सांस ली।

## तार चोरों ने 24 घंटे में दो निर्माणाधीन मकानों और एक सरकारी स्कूल को बनाया निशाना

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



शहर में इन दिनों अंडरग्राउंड बिजली के तार चुराने वाले बदमाशों की सक्रियता बढ़ गई है। यही कारण है कि बीते 24 घंटे के अंदर चोरों ने कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर धावा बोलकर सनसनी फैला दी है। अज्ञात बदमाशों ने जहां दो निर्माणाधीन मकानों को निशाना बनाकर कीमती तार पार कर दिए, वहीं एक शासकीय स्कूल के ताले चटकाकर पूरी वायरिंग साफ कर दी। एक के बाद एक लगातार हुई इन वारदातों के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

**अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन मकान में पहली वारदात-** मिली जानकारी के अनुसार, चोरी की पहली घटना 22 मई को सरदार पटेल हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में हुई। फरियादी अमित कुमार नायक ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान में घुसकर अंडरग्राउंड बिजली फिटिंग के तार काट लिए और चोरी कर ले गए। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**विराज सिटी में 20 हजार के तारों पर किया हाथ साफ**

चोरी की दूसरी वारदात उसी दिन शहर के पॉश इलाके विराज सिटी क्षेत्र में सामने आई। यहां विजय कुमार गामी के निर्माणाधीन मकान में देर रात बदमाश ने घुसकर अंडरग्राउंड बिजली फिटिंग के तार काटे और उन्हें बोरी में भरकर ले जाने का प्रयास किया। चुराए गए तारों की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने लक्ष्मीनगर निवासी सोनू खान को आरोपी बनाया है। बदमाशों ने केवल सूने मकानों को ही नहीं, बल्कि शिक्षा के मंदिर को भी अपना निशाना बनाया। तीसरी घटना शासकीय माध्यमिक विद्यालय महूपुरा में हुई। बदमाशों ने रात के अंधेरे में स्कूल के ताले तोड़ दिए और अंदर घुसकर बिजली के बोर्ड और वायरिंग को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हुए महंगे तार चोरी कर लिए।

सुबह जब स्कूल का स्टाफ पहुंचा तो वारदात का पता चला, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने घटना की शिकायत पुलिस को दे दी है। शहर में महज 24 घंटे के भीतर हुई इन तीन वारदातों के बाद कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लक्ष्मीनगर निवासी सोनू खान को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हिरासत में लिए गए आरोपी से थाने में सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन वारदातों में उसके साथ और कौन-कौन शामिल है तथा शहर में हुई चोरी की अन्य वारदातों में भी उसकी कोई भूमिका है या नहीं।

## सुदामा की पुकार सुन दौड़े आते हैं माधव-महंत अनुजदास महाराज

**शाजापुर।** संसार की सबसे पवित्र और पावन मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की थी। मित्रता की मर्यादा में सुदामा ने कभी कुछ मांगा नहीं और श्रीकृष्ण ने बिना मांगे अपने मित्र को ऐसा यशस्वी बना दिया, जिसका दूसरा उदाहरण आज भी संसार में मिलना मुश्किल है। आज भी जब हम सुदामा की तरह निश्छल होकर करुण पुकार लगाते हैं तो श्रीकृष्ण दौड़े चले आते हैं। उक्त आशीर्वचन महंत 1008 अनुजदास महाराज ने सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के विश्राम दिवस पर उपस्थित जनों को प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रूप के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव की पूर्णाहुति गुरुवार को श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग के साथ हुई।

पश्चिमी रेलवे
आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और अवसंरचना विकास कार्य
संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, क्रमांक: 1. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/40 दिनांक 19/05/2026 को आमंत्रित करता है। (ii) स्टेशन स्थान: मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी):- (1) भवन में टीटीई रनिंग रूम का आधुनिकीकरण, उन्नयन और नवीनीकरण। (ii) अनुलग्नक भवन (डीआरएम कार्यालय परिसर) में टीपीसी कार्यालय की मरम्मत और नवीनीकरण। कार्य की अनुमानित लागत: 2,68,53,737.95 ईएमडी: 5,37,100/-. श्रीमान क्रमांक: 2. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/41 दिनांक 19/05/2026. कार्य और स्थान: कोलाबा-बधवार पार्क-बधवार पार्क कॉलोनी में मौजूदा कवर्ड गैरेज के स्थान पर नए कवर्ड शेड ओपन पार्किंग (कैंटिलीवर प्रकार) संरचना का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत: 2,51,85,197.72. ईएमडी: 5,03,700/-. तिथि और समय दोनों निविदाओं के जमा करने की तिथि: 16.06.2026, 15:00 बजे तक। दोनों निविदाओं के खुलने की तिथि और समय: 16.06.2026 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैन्युअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। 0146
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री कैलाशचंद्र, श्री शंकरलाल व श्रीमती कलाबाई, पति श्री कैलाशचंद्र , जाति माली, भीमाखेड़ा ग्राम, तहसील महिदपुर निवासी और मुंडालिदोत्रू ग्राम, तहसील झरडा, जिला उज्जैन के किसान को मुंडालिदोत्रू ग्राम, तहसील झरदा, जिला उज्जैन में स्थित भूमि बेची है। यह भूमि सर्वे संख्या 670/1 क्षेत्रफल 0.20 हेक्टेयर, सर्वे संख्या 671/1 क्षेत्रफल 0.16 हेक्टेयर, सर्वे संख्या 672 क्षेत्रफल 0.31 हेक्टेयर, सर्वे संख्या 668/1 क्षेत्रफल 1.22 हेक्टेयर और सर्वे संख्या 668/3 क्षेत्रफल 1.75 हेक्टेयर है। अब शेष विक्रय राशि का भुगतान करना और विक्रय अनुबंध और विक्रय विलेख का पंजीकरण कराना बाकी है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकार, बैंक या किसी अन्य का उक्त कृषि भूमि पर कोई ऋण, भार या किसी भी प्रकार का लेन-देन है, या उक्त संपत्ति का हस्तांतरण हो चुका है, या उस पर कोई ऋण भार है, या किसी व्यक्ति की कोई देनदारी है, तो कृपया सात दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें और अपना दावा और आपत्ति दर्ज कराएं। अन्यथा, इस अवधि के बाद, मेरी पार्टी उक्त कृषि भूमि का विक्रय विलेख आपके पक्ष में निष्पादित कर देगी। और कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। कृपया सूचित रहें।

यह दिनांक है 23-05-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मो. 99265-32350**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी भीमा पिता श्री उदा जी, निवासी ग्राम बरखेड़ा नजीक तहसील उन्हेल (नागदा) जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 358/2/1 रकबा 0.630 हेक्टर, सर्वे नम्बर 339 रकबा 0.160 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.790 हेक्टर भूमि, ग्राम बरखेड़ा नजीक तहसील उन्हेल (नागदा) जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-23/05/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन मो. 9424878460**

### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1 हेमराज प्रजापत पिता स्व. श्री मांगीलाल जी प्रजापत, आयु 50 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी 16, यंत्र महल मार्ग, प्रजापत कॉलोनी, नीलगंगा, चौराहा, उज्जैन, 2- श्रीमती पुष्पाबाई पति श्री हेमराज प्रजापत, आयु - 46 वर्ष, व्यवसाय गृहकार्य, निवासी 16, यंत्र महल मार्ग, प्रजापत कॉलोनी, नीलगंगा, चौराहा, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्युनिसिपल क्रमांक 163 का दक्षिण दिशा वाला भाग जिसका नया व वर्तमान नगर पालिक निगम गृह क्रमांक 163/1 स्थित सांईधाम कॉलोनी, नीलगंगा, उज्जैन है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर है। उक्त भवन के पूर्व में भवन क्रमांक 168 है, पश्चिम में कॉलोनी की सड़क है, उत्तर में - भवन क्रमांक 163 है, दक्षिण में भवन क्रमांक 163 है। उपरोक्त भवन को क्रय करने का अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार ने किया है, उक्त अनुबन्ध पत्र के पालन में मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**हेमन्त जायसवाल एडव्होकेट**
**कार्यालय- ऑफिस क्रमांक 2, विजयवर्गीय टॉवर,अम्बेडकर प्रतीमा के पीछे, उज्जैन**
**मो. 98273-48332**

### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार धंना लाल पिता गिरधारी लाल जी, आयु 47 वर्ष, जाति कुम्हार, निवासी 04 ग्राम ढाबला रेहवारी. आगर मार्ग तहसील एवं जिला उज्जैन एवं कृषक ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 190/1 रकबा 0.46 हेक्टेयर एवं सर्वे नम्बर 190/2 रकबा 0.22 हैक्टेयर भूमि, कुल किता 02 कुल रकबा 0.68 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मे स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिठ्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्तं भूमि का विकय पत्र केतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। यह दिनांक 23-05-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो.94240-14405,7389865498**

### जाहिर सूचना कृषि भूमि ग्राम चन्दूखेडी बाबत

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विरेन्द्रसिंह पिता करणसिंह जाति आंजना निवासी ग्राम आजमपुरा तह. व जिला उज्जैन के भूमि स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 89/1 रकबा 0.7600 हैक्टर स्थित ग्राम चन्दूखेडी तह. व जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 23-5-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124, 8959999299**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नाजिम शेख पिता लियाकत शेख ने भूमि स्वामी बनेसिंह पिता श्री छीतूलाल जाति बलाई निवासी ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 546/1 रकबा 1.170 हेक्टर में से 0.400 हेक्टर ग्राम नरवर प.ह.न. 44 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 23-05-2026 उज्जैन

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रावाईडर )**
**पता- सी-7, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो.नं. 9425092149,9009304444**



## ब्लॉक कांग्रेस ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शुजालपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति की नींव रखी तथा पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, शांति एवं आधुनिक भारत के निर्माण के लिए अनेक कार्य किए। वक्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वे दूरदर्शी नेता एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, अचल सिंह मेवाड़ा, सागर परमार, महेंद्र नाहर, अशोक अग्रवाल, सरपंच राहुल परमार, विशाल शर्मा, कैलाश कुशवाह, सुरेश गोठी, विष्णु शर्मा, जीवन राणा, रईस पठान, रामनारायण परमार, सिरमत सिंह, दिनेश विजयवर्गीय, नरेंद्र जाधव, मोहन धनगर, सुरेश देशमुख, बसंत गुप्ता, दिनेश कामदार, रामप्रसाद करंजिया, अवधेश परमार, शुभम शर्मा, बबलू गुर्जर एवं संतोष धनगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय महिदपुर की छात्राओं के लिए ऑन द जॉब ट्रैनिंग




**महिदपुर।** शा.कन्या उ.मा. विद्यालय महिदपुर में व्यवसायिक शिक्षा के अतंर्गत छात्राओं के लिए ऑन द जॉब ट्रैनिंग (ओजेटी) आयोजित की जा रही है । यह प्रशिक्षण एडवांस कंप्यूटर महिदपुर एवं चंचल ब्यूटी केयर महिदपुर में आगामी 20 दिनों तक संचालित होगा। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन सिंह दावरे, व्यवसायिक प्रशिक्षक शालिनी विश्वकर्मा एवं ज्योति बिसेन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है । इस प्रशिक्षण में आई टी की छात्राओं को सूचना प्रोद्यौगिकी से सम्बन्धित एवं ब्यूटी की छात्राओं को सौन्दर्य एवं देखभाल से सम्बन्धित कार्य सिखाये जा रहे है एवं जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस कार्यक्रम में एडवांस कंप्यूटर के संचालक डा. विनोद देवड़ा एवं चंचल ब्यूटी केयर की संचालिका श्रीमती चंचल उदीवाल का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग मालवा प्रांत गो रक्षा को लेकर ज्ञापन सौंपा



**खाचरोद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड खाचरोद जिला नागदा द्वारा गौवंश रक्षा-राष्ट्र रक्षा हेतु बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या व गौवंश तस्करी के विरुद्ध एवं गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर राज्यपाल के नाम खाचरोद थाने पर ज्ञापन दिया गया। जिसमे जिलाअध्यक्ष ओजेश सोलंकी जिला सह मंत्री समरथ सेन जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख मुकेश संगीतला जिला गौ रक्षा प्रमुख प्रदीप पाटीदार जिला सत्संग प्रमुख रणजीत सिंह चौहान प्रखंड अध्यक्ष राकेश शर्मा प्रखंड सह संयोजक मोहित जो पोरवाल प्रखंड उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत व प्रखंड अखड़ा प्रमुख हेमंत शर्मा देवीलाल, गट्टू लाल, लखन मंगल, कुलदी, निर्मल,पवन जितेन्द्र, गोविंद खारोल, बाबू लाल, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि कार्यकृता उपस्थित रहे ज्ञापन का वाचन बजरंगदल प्रखंड संयोजक आकाश राव ने किया प्रखंड अध्यक्ष राकेश शर्मा ने आभार माना।

## नेशनल हाईवे 52 पर लॉ कॉलेज के समीप पलटा ट्रक, टला बड़ा हादसा



**शाजापुर।** शहर के समीप नेशनल हाईवे 52 पर स्थित लॉ कॉलेज के सामने ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट किरण मौर्य और आरक्षक देवेंद्र ठाकुर की टीम फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों ने स्थिति को संभालते हुए वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर किया और व्यवस्था बनाई। हादसे की वजह से हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से वाहनों की आवाजाही को जल्द ही सुचारु कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और चालक का वाहन से नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

गर्मी में बस का इंतजार बना मुसीबत, यात्री परेशान

# भीषण गर्मी में सुसनेर बस स्टैंड पर यात्री हो रहे परेशान व बेहाल, प्रतीक्षालय में पंखे तक नहीं

### नगर परिषद वसूल रही शुल्क, फिर भी बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

नगर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजन का हाल बेहाल कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर देखने को मिल रहा है वहीं दोपहर के समय तापमान बढ़ने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसी स्थिति में नगर के मुख्य बस स्टैंड पर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में पंखे तक नहीं लगे होने से यात्रियों को तपती गर्मी के बीच घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड पहुंचते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, छात्र-छात्राएं एवं मरीज भी शामिल रहते हैं। लेकिन यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। यात्री प्रतीक्षालय में हवा की कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग पसीने से तरबतर होकर बैठने को



मजबूर हैं। कई यात्री गर्मी से बचने के लिए प्रतीक्षालय छोड़कर पेड़ों की छांव या दुकानों के सामने खड़े नजर आते हैं। दोपहर के समय बस स्टैंड परिसर किसी तपते कमरे जैसा महसूस होता है। यात्रियों का कहना है कि कई बार बसें निर्धारित समय से देरी से पहुंचती हैं, जिससे लोगों को लंबे समय तक गर्मी में बैठना पड़ता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बस स्टैंड परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। जगह-जगह गंदगी फैली हुई है और कचरे के ढेर दिखाई देते हैं। जिससे यात्रियों में नाराजगी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा बसों से नियमित रूप से रसीद काटकर शुल्क वसूला जाता है।

इस शुल्क का उद्देश्य बस स्टैंड की व्यवस्थाओं का संचालन एवं यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।लेकिन इसके बावजूद बस स्टैंड पर पंखे, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। लोगों का कहना है कि जब नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन शुल्क वसूला जा रहा है तो यात्रियों को बेहतर सुविधाएं भी मिलनी चाहिए।नागरिकों एवं यात्रियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि बस स्टैंड पर शीघ्र पंखे लगाए जाएं, साफ-सफाई व्यवस्था सुधारी जाए तथा यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**इनका कहना**

बस स्टैंड पर पंखे लगाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी आवश्यक है। रात्रि के समय वहां चोरी होने का डर बना रहता है। यदि पंखे लगाए जाते हैं तो उनकी सुरक्षा के लिए चौकीदार रखना पड़ेगा। नगर परिषद स्तर पर इस संबंध में व्यवस्था बनाने पर विचार किया जाएगा।

**ओपी नागर**
**नगर परिषद सीएमओ सुसनेर**

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान

# सोने की खरीद को लेकर की गई अपील की पृष्ठभूमि एवं महत्व पर भी चर्चा की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत गुरुवार को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रेखा गुप्ता के आतिथ्य एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल की अध्यक्षता तथा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राजरानी खुराना के विशेष आतिथ्य में हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस आगर.मालवा की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ऑरेंज इकोनॉमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, दक्षता एवं योग्यता जैसे विषयों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही ऑरेंज इकोनॉमी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं उसके विविध आयामों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

डॉ. गुप्ता ने अपने व्याख्यान में आर्थिक दृष्टिकोण से सोने की खरीद को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील की पृष्ठभूमि एवं उसके महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बदलते आर्थिक परिवेश में कौशल विकास एवं नवाचार आधारित रोजगार के अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक प्रो. मोना जाटव, प्रो. अंकिता वर्मा एवं प्रो. साक्षी वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजरानी खुराना तथा आभार डॉ. बी एल चौरडिया ने माना।

## बिना अनुमति नगर परिषद दुकानों का पुनर्निर्माण, पार्षदों ने जताई आपत्ति

**सुसनेर।** नगर परिषद की संपत्ति पर बिना अनुमति निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। जामा मस्जिद रोड स्थित नगर परिषद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की कुछ दुकानों का पुराने निर्माण को हटाकर नया निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिस पर नगर के पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद की चार दुकानें शासन द्वारा हाजी सलीम, इकराम, ओमप्रकाश एवं कमलेश को आवंटित की गई थीं। इनमें से दो दुकानदारों की मृत्यु हो चुकी है। बताया जा रहा है कि संबंधित दुकानों के परिजनों द्वारा बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के पुरानी दुकानों को गिराकर नए निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर के जागरूक पार्षदों ने नगर परिषद में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पार्षदों का कहना है कि परिषद की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नियमों के तहत और अनुमति लेकर ही किया जाना चाहिए। बिना अनुमति निर्माण कार्य होने से परिषद के नियमों की अनदेखी हो रही है तथा अन्य लोगों में भी गलत संदेश जा सकता है। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ ओमप्रकाश नागर ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद नगर में परिषद संपत्तियों के उपयोग एवं नियमों के पालन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## नप दुकानों को तोड़ने वालों को सीएमओ का नोटिस

**सुसनेर।** जामा मस्जिद रोड स्थित नगर परिषद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों को बिना अनुमति तोड़े जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद प्रशासन सक्रिय हो गया है। नगर परिषद सीएमओ ओमप्रकाश नागर ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार नगर परिषद द्वारा निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की चार दुकानें शासन स्तर से हाजी सलीम, इकराम, ओमप्रकाश एवं कमलेश के नाम आवंटित की गई थीं। इनमें से कुछ दुकानों का हाल ही में पुराने निर्माण को गिराकर पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। आरोप है कि यह कार्य बिना नगर परिषद की अनुमति के किया गया, जिससे परिषद के नियमों और प्रक्रियाओं पर सवाल खड़े हो गए।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से भड़के उपभोक्ता

### गोदाम के बाहर किया प्रदर्शन, कालाबाजारी का लगाया आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते गुरुवार सुबह उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गैस टंकी न मिलने से आक्रोशित लोगों ने गैस गोदाम रोड स्थित एजेंसी के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। हंगामा और स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन को तुरंत दखल देना पड़ा, जिसके बाद एसडीएम मनीषा वास्कले और नायब तहसीलदार गौरव पोरवाल ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। उपभोक्ताओं ने अपनी परेशानी जाहिर करते हुए बताया कि वे पिछले दो-तीन दिनों से गैस टंकी के लिए एजेंसी और गोदाम के चक्कर काट रहे हैं। सुबह से लोग दो-दो घंटे तक लंबी कतारों में खड़े रहे, इसके बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। उपभोक्ता ने



बताया कि वह पहले डेढ़ घंटे तक हाट मैदान में लाइन में लगा रहा, लेकिन वहां सिलेंडर नहीं मिला। इसके बाद जब वह गैस गोदाम पहुंचा, तो वहां भी टंकी उपलब्ध नहीं थी। प्रदर्शन के दौरान गुस्साए उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालकों पर कालाबाजारी (ब्लैक में सिलेंडर बेचने) के गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना था कि आम जनता कई दिनों से गैस के लिए दर-दर भटक रही है और अपना समय बर्बाद कर रही है, जबकि सिलेंडरों को गुपचुप तरीके से ब्लैक में बेचा जा रहा है। उपभोक्ताओं ने इस पूरी बदहाली के लिए प्रशासन और एजेंसी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। हंगामे की सूचना मिलते ही पहुंचीं एसडीएम मनीषा वास्कले ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पीछे से गैस सिलेंडरों का नया लोड नहीं आ पाने के कारण यह किल्लत उत्पन्न हुई, जिससे अचानक भीड़ बढ़ गई। हालांकि, लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि गैस एजेंसी संचालकों को कार्यालय तलब किया गया है। प्रशासन द्वारा पूरी वितरण व्यवस्था और ब्लैक मार्केटिंग के आरोपों की विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि आम जनता को हो रही इस परेशानी का जल्द समाधान निकाला जा सके।

बड़नगर में मधुमक्खियों का आतंक: शिवसेना ने नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन

# पानी की टंकी पर बने मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने की माँग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर








नयापुरा स्थित बड़ी पानी की टंकी पर बने मधुमक्खियों के तीन विशाल छत्तों ने इन दिनों क्षेत्र में भारी आतंक मचा रखा है। आए दिन राहगीरों, दुकानदारों और मासूम बच्चों पर हो रहे इन हमलों से त्रस्त जनता की समस्या को देखते हुए शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल ने जनहित में मोर्चा संभाला। संतोष बगेरवाल के नेतृत्व में पीड़ित नागरिकों और कार्यकताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

शिवसेना नगर अध्यक्ष बगेरवाल ने बताया कि यह समस्या कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ दिनों पूर्व क्षेत्र में आयोजित सांसद अनिल फिरोजिया के कार्यक्रम के दौरान भी मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया था। वर्तमान में स्थिति यह है कि कई लोग इन मधुमक्खियों के काटने से गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और कुछ नागरिकों को बेहोशी की हालत में अस्पताल तक भर्ती कराना पड़ा है। स्थानीय जनता लंबे समय से इस समस्या के निवारण की आस लगाए बैठी है।

**अति संवेदनशील क्षेत्र में बड़ा खतरा**

टंकी के बिल्कुल समीप सीएम राइज स्कूल और नूतन स्कूल स्थित हैं। साथ ही मेन नयापुरा से संगम चौराहा मार्ग होने के कारण यहाँ से दिनभर हजारों राहगीर गुजरते हैं और आसपास कई दुकानदार अपनी जीविका चलाते हैं, जिससे हर समय यहाँ जनहानि का खतरा बना रहता है।

**अधिकारियों ने दिया आश्वासन**

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिवसेना नगर अध्यक्ष बगेरवाल ने जल सभापति अजय दोराया और नगर पालिका कर्मचारी मनमोहन राठौड़ से सीधी बात की। अधिकारियों ने विषय को संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया है कि आगामी 2 से 3 दिन के भीतर किसी कुशल विशेषज्ञ को बुलाकर रात के समय इन तीनों छत्तों को यहाँ से सुरक्षित रूप से हटवा दिया जाएगा। बगेरवाल ने आशा व्यक्त की है कि प्रशासन जनहित के इस कार्य को समय सीमा में पूरा कर नागरिकों को जल्द राहत प्रदान करेगा। इस अवसर पर शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल, जिला महासचिव राजेश कायस्थ, मीडिया प्रभारी अभिषेक चौहान, नमन माली, दिलीप राणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं शिवसैनिक उपस्थित थे।

अवैध पटाखा भंडारण के मामले में प्रकरण दर्ज

## चार दिवस पूर्व प्रशासन व पुलिस ने दी थी दबिश

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत पचोर रोड पर स्थित एक गोदाम पर जो प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बडी मात्रा में रखी गई आतिशबाजी पकड़ी थी उस मामले में गुरूवार को पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम तहत मामला दर्ज कर लिया। यह कार्यवाही अनुविभागीय दण्डाधिकारी शुजालपुर के निर्देश पर की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमलार तहसील पचोर जिला राजगढ़ निवासी पारस जैन पिता राजमल जैन के ग्राम चितौड़ा स्थित गोदाम में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किए जाने की सूचना प्रशासन को मिली थी। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं तहसीलदार शुजालपुर द्वारा गठित दल ने 17 मई 2026 को गोदाम की जांच की। जांच के दौरान गोदाम में बड़ी मात्रा में बिना अनुमति के पटाखों का संग्रहण पाया गया। मौके पर आग से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं मिले, जबकि गोदाम के समीप 33 केवी विद्युत लाइन गुजरना भी पाया गया। प्रशासनिक टीम ने पंचों की मौजूदगी में पटाखों का स्टॉक जब्त किया तथा मौके से पटाखा खरीदी के बिल भी कब्जे में लिए। इसके बाद 18 मई को राजस्व एवं पटवारी दल द्वारा गोदाम खोलकर जब्त पटाखों की गिनती कर पंचनामा एवं सूची तैयार की गई। कार्रवाई के बाद गोदाम को सील कर दिया गया तथा जब्त सामग्री की सुपुर्दगी नियमानुसार संबंधित व्यक्ति को दी गई।

## अखंड हिंदू सेना मप्र द्वारा संगठन में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**महिदपुर।** आचार्य शेखर महाराज के निर्देशानुसार अखंड हिंदू सेना मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का



विस्तार किया गया है। संगठन को मजबूत एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन विस्तार के तहत पीपलिया मंडी (मंदसौर) निवासी शरद जोशी को अखंड हिंदू सेना मध्यप्रदेश



का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं महिदपुर निवासी मनोज प्रजापत को प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की ओर से आशा व्यक्त की गई है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे एवं समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में जानकारी अखंड हिंदू सेना के मीडिया प्रभारी तन्मय खंडूजा द्वारा दी गई।

## भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती पर भड़की युवक कांग्रेस



**शाजापुर।** आसमान से बरसती आग और 45 डिग्री के पार जाते तापमान के बीच, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। इस भीषण गर्मी में जनता की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार को युवक कांग्रेस ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और विभाग की लचर कार्यप्रणाली पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया कि चिलचिलाती धूप और उमस में बिजली विभाग द्वारा लोड शेडिंग के नाम पर दिन में दो-दो घंटे तक अघोषित रूप से बिजली काटी जा रही है। ऐसे समय में जब पंखे और कूलर के बिना एक पल रहना मुश्किल है, तब इस कटौती का सबसे ज्यादा खामियाजा छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ तो उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके हाथों में भारी-भरकम बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा ज्यादा बिजली उपयोग का बेतुका हवाला देकर बिलों की राशि मनमाने ढंग से बढ़ाई जा रही है। विभाग के इस दोहरे रवैये से आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश पनप रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था में जल्द ही सुधार नहीं किया गया और अघोषित कटौती बंद नहीं हुई, तो संगठन मूकदर्शक बनकर नहीं बैठेगा। आम जनता के हकों के लिए युवक कांग्रेस जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी।

## चंदन के पेड़ काटकर ले जाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चोरी गया चंदन जप्त

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा थाना कोतवाली पुलिस ने सिलसिलेवार चंदन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए 1 लाख 15 हजार रुपए की चंदन की लकड़ियां सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की । आरोपी शाकिर अली पिता मुकीम अली 26 वर्ष निवासी ग्राम चतरूखेड़ी सारंगपुर, मुबारिक पिता रमजानी खां 57 वर्ष निवासी ग्राम चतरूखेड़ी सारंगपुर, अयान पिता आजाद शेख 19 वर्ष निवासी ग्राम चतरूखेड़ी सारंगपुर को गिरफ्तार कर शेष आरोपी आजाद खां पिता घीसू खां 40 वर्ष निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, बाबू पिता हुसैन खां उम्र 75 वर्ष निवासी भोई बाड़ा मोहल्ला सारंगपुर की तलाश जारी है गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड है।

# कांस 2026: सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या राय

## बेटी आराध्या का भी हुआ अनऑफिशियल डेब्यू, लाल गाउन में मां का हाथ थामकर दिए पोज



कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अनऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है। ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं। हर साल दुनियाभर के चुनिंदा लोगों को ज्यूरी में शामिल किया जाता है। मृणाल सेन पहले भारतीय थे, जिन्हें 1982 में ज्यूरी में शामिल किया गया था। इसके अलावा ज्यूरी बनने वाली पहली भारतीय महिला डायरेक्टर मीरा नायर थीं। ऐश्वर्या राय पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कांस में ज्यूरी बनाया गया। हालांकि अब दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर भी इस लिस्ट में शामिल हैं।




### आलिया भट्ट का कांस लुक भी चर्चा में रहा

आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। वे फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।



# थलापति विजय एक फिल्म का 275 करोड़ लेते थे



साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की कहानी फिल्मों की सफलता के साथ संघर्ष, आलोचना, पारिवारिक विवाद और राजनीति तक पहुंचने की भी रही है। करियर की शुरूआत में उनके लुक्स, आवाज और एक्टिंग का मजाक उड़ाया गया। लगातार फ्लॉप फिल्मों के बाद वह एक्टिंग छोड़ने का सोचने लगे थे। धीरे-धीरे उन्होंने खुद को लवर बॉय इमेज से निकालकर फैमिली स्टार और फिर तमिल सिनेमा के बड़े मास सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया।

साउथ सिनेमा के बड़े सितारों में गिने जाने वाले थलापति विजय का पूरा नाम जोसेफ विजय चंद्रशेखर है। उनका जन्म 22 जून 1974 को चेन्नई में हुआ था। वह ऐसे परिवार से आते हैं, जिसका फिल्म इंडस्ट्री से गहरा संबंध रहा है।

उनके पिता एस.ए. चंद्रशेखर तमिल फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रहे हैं, जबकि मां शोभा चंद्रशेखर सिंगर, राइटर और प्रोड्यूसर रही हैं। घर में फिल्मी माहौल होने की वजह से विजय बचपन से कैमरा और सिनेमा की दुनिया के करीब रहे। हालांकि उनका बचपन पूरी तरह ग्लैमर से भरा नहीं था। छोटी बहन विद्या का कम उम्र में निधन हो गया था। कई इंटरव्यूज और तमिल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के बाद विजय काफी शांत और अंतमुर्खी हो गए थे। फैंस मानते हैं कि उन्होंने बहन की याद में कई निजी प्रोजेक्ट्स में विद्या नाम का इस्तेमाल किया।

### पढ़ाई बीच में छोड़ी एक्टिंग को चुना

विजय ने शुरूआती पढ़ाई चेन्नई के फातिमा मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल और बाललोक मैट्रिकुलेशन स्कूल से की थी। इसके बाद उन्होंने लोयोला कॉलेज में विजुअल कम्युनिकेशन कोर्स में एडमिशन लिया।

लेकिन उसी दौरान फिल्मों में उनकी व्यस्तता बढ़ने लगी। उन्होंने महसूस किया कि उनका पूरा फोकस एक्टिंग पर जा रहा है। इसी वजह से उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़ दी। विजय के पास कोई बड़ी प्रोफेशनल डिग्री नहीं है, लेकिन बाद के वर्षों में कई संस्थानों ने उन्हें मानद सम्मान दिए। उस समय शायद ही किसी ने सोचा होगा कि पढ़ाई अधूरी छोड़ने वाला यह लड़का आगे चलकर करोड़ों लोगों का सुपरस्टार बनेगा।

विजय ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट वेट्री, कुटुम्बम, नान सिगप्पु मनिथन, वसंत रागम, सत्तम ओरु विलयाट्टु और इधु एंगाल नीती जैसी फिल्मों में काम किया। इनमें से अधिकांश फिल्मों का निर्देशन उनके पिता एस.ए. चंद्रशेखर ने किया था। इसके बाद विजय ने 1992 में फिल्म 'नालैया थीरपु' से लीड एक्टर के रूप में करियर शुरू किया था। हालांकि शुरूआत उनके लिए बेहद कठिन रही। शुरूआती फिल्मों के फ्लॉप होने के साथ विजय को उनके लुक्स, आवाज और एक्टिंग के लिए आलोचना सहनी पड़ी।




#### अभिषेक, ईशान और क्लासेन के पचासे

# बेंगलुरु हारकर भी शीर्ष पर रहा...

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लड़ाई शीर्ष दो में रहने की हो तो रन बरसने ही थे। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक, ईशान और क्लासेन की तिकड़ी ने शुक्रवार को आतिशी तेवर दिखाकर रनों का जो पहाड़ खड़ा किया उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लांघ तो नहीं पाया। पर गत चैंपियन बेंगलुरु ने हारकर भी बाजी जीत ली। मैच में कुल 455 रन बने।

बेंगलुरु ने नंबर एक साथ अपना अभियान खत्म किया। गुजरात दूसरे स्थान पर रहा। हैदराबाद को 55 रन की बड़ी जीत के बावजूद तीसरे नंबर से ही संतोष करना पड़ा। अभिषेक (56) के बाद ईशान ने दे दनादन 79 और क्लासेन ने 51 बनाए। अंत में नीतीश ने 12 गेंदों में तीन गगनचुंबी छक्कों से नाबाद 29 रन कूट डाले। इनकी तूफानी पारियों से हैदराबाद ने चार विकेट पर 255 रन बनाए। यह इस सत्र का किसी भी टीम का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। बेंगलुरु को शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने के लिए 166 रन बनाने थे। टीम ने चार विकेट पर 200 रन बनाए।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए वेंकेटश (44) और कोहली (15) ने टीम को धमाकेदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए मात्र 27 गेंदों में 60 रन जोड़े दिए। मलिंगा ने वेंकटेश को आउट कर बेंगलुरु को पहला झटका दिया। इसके बाद हैदराबाद के गेंदबाजों ने न सिर्फ बेंगलुरु की रनगति पर विराम लगाया बल्कि लगातार विकेट भी लिए। कोहली को साबिक तो पडिक्कल (21) को मलिंगा ने चलता कर दिया। पाटीदार (56) ने क्रुणाल (41 नाबाद) के साथ चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। डेविड ने नाबाद 15 रन बनाए। इससे पहले हैदराबाद ने घरेलू मैदान पर आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति बरकरार रखी। अभिषेक ने जहां एक बार फिर 20 गेंद में अर्धशतक जड़ा।




### न तो भुवनेश्वर और न ही हेजलवुड को बख्शा

क्लासेन ने हेजलवुड जैसे विश्व-स्तरीय गेंदबाज की गेंदों को मनमुताबिक खेला। उन्होंने हेजलवुड के तीसरे ओवर 27 रन बटोरे। ईशान और क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 113 रन जोड़ दिए। इन तीनों न तो भुवनेश्वर और न ही हेजलवुड को बख्शा। इन दोनों पेसरों ने 50 से ज्यादा रन लुटा दिए पर विकेट नहीं ले सके। अभिषेक ने भुवनेश्वर को उनके पहले स्पेल में बेअसर कर दिया। उन्होंने भुवी की एक गेंद को खूबसूरती से लांग ऑफ के बाहर से ऊपर उठाकर पहला छक्का जड़ा। भुवनेश्वर को उन्होंने कोई मौका नहीं दिया और लगातार दो गेंदों पर उन्हें स्क्वायर-लेग के ऊपर से और दूसरी बार डीप मिड-विकेट के ऊपर से फ्लिक किया। शेफर्ड की गेंदों पर उन्होंने सीधे दो छक्के जड़े। सुयश की गेंद पर छक्का जड़ने के बाद उन्हीं की फिरकी में फंस गए।

# 4 साल का इंतजार खत्म, रोनाल्डो बने सऊदी लीग के सरताज

एजेंसी ▶▶ रियाद

आखिरकार वो ऐतिहासिक पल आ ही गया जिसका क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चार बरस से इंतजार था। रोनाल्डो के हाथों ने सऊदी प्रो लीग की चमचमाती ट्रॉफी उठा ली है। दिसंबर 2022 में जब उन्होंने मैनचेस्टर युनाइटेड को छोड़कर अल नस्त्र का दामन थामा था, तो पूरी दुनिया दंग रह गई थी। उनके इस फैसले ने सऊदी अरब को रातों-रात ग्लोबल स्पोर्ट्स के नक्शे पर चमका दिया।

लेकिन चार साल से एक सवाल हर किसी को चुभ रहा था कि दुनिया के महानायक के खाते में अब तक खिताब क्यों नहीं आया। ...लेकिन गुरुवार की रात को रोनाल्डो ने इस 'अधूरे ख्वाब' को हकीकत में बदल दिया और इतिहास के पन्नों में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से दर्ज करा लिया। सीजन के आखिरी दिन अल नस्त्र के सामने दमक की चुनौती थी। मुकाबला बेहद दबाव वाला था, लेकिन जब मंच बड़ा हो, तो रोनाल्डो का कद और बड़ा हो जाता है। रोनाल्डो ने मैदान पर अपने पैरों का ऐसा जादू बिखेरा कि विरोधी टीम देखती रह गई।

41 वर्षीय सुपरस्टार ने 62वें और 80वें मिनट में दो गोल कर प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके 18 मिनट में दो गोल से अल नस्त्र ने दमक को 4-1 से हराया। सादियो माने (31वें मिनट) और किंग्सले (51वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। रोनाल्डो चार अलग-अलग देशों की प्रो लीग फुटबॉल (इंग्लैंड, स्पेन, इटली और सऊदी अरब) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।

### अनिमेश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बरकरार

**रांची।** पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में ओडिशा के अनिमेष कुजुर ने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के पहले दिन अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड फिर हासिल किया। पहली सेमीफाइनल हीट में गुरिंदरवीर सिंह ने अनिमेष के 10 महीने पुराने 10.18 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 10.17 सेकंड का समय निकाला।


**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### नल से पानी भरने को लेकर विवाद के बाद दो पक्षों में गालीगलौज-मारपीट

**इंदौर।** इंदौर में भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत अब विवाद की वजह बनने लगी है। ताजा मामला स्कीम नंबर 54 का है, जहां सरकारी नल से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष विजय नगर पुलिस थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने दोनों की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक राधा पंचोली निवासी स्कीम नंबर 54 ने शिकायत दर्ज कराई कि वह कॉलोनी में घर के पास लगे सरकारी नल से पानी भरने गई थी। उसी दौरान वहां पहले से मौजूद मुकेश, महावीर, अतुल, हनी और अमन ने उसे पानी भरने से रोक दिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की। कुछ देर बाद वहां पहुंचे दो अन्य लोगों ने भी महिला के साथ झूमाझटकी की। दूसरे पक्ष से धर्मवीर प्रजापत ने शिकायत दर्ज कराई कि चेतराम और उसके परिवार के लोग उनके नल से पानी भरने पहुंचे थे। जब उन्हें दूसरे नल से पानी भरने के लिए कहा गया तो विवाद शुरू हो गया। धर्मवीर के अनुसार चेतराम, उसकी पत्नी राधा तथा अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### घर के बाहर फेंका गंदा पानी, मना करने पर डंडे से पीट दिया

**इंदौर।** थाना तेजाजी नगर इलाके में मारपीट की दो घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना में घर के बाहर गंदा पानी फेंकने पर झगड़ा हुआ, इसमें युवक को डंडे से पीटा और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज की। दूसरी घटना में बाइक टकराने पर युवक की डंडे से पिटाई कर दी। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक पहला मामला जोशी कॉलोनी का है। रामभरोसे पिता शिवप्रसाद मालवीय निवासी जोशी कॉलोनी की शिकायत पर भूरा सिंह चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया। शुक्रवार को फरियादी ने अपने घर के बाहर की सफाई की थी। तभी सामने रहने वाले भूरा सिंह ने गंदा पानी उसके घर के बाहर फेंक दिया, इस पर उनका झगड़ा हो गया और भूरा सिंह ने फरियादी को डंडे से पीट दिया। बीच-बचाव करने फरियादी की पत्नी आई तो उसे भी गालियां दीं।

दूसरा मामला असरावद खुर्द हनुमान टेकरी का है। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र पिता भैरू सिंह जिराती निवासी ग्राम असरावद खुर्द की शिकायत पर नरसिंह बेला के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों का बाइक टकराने की बात पर झगड़ा हुआ था। इस पर नरसिंह ने फरियादी को डंडे से पीट दिया, फरियादी के सिर और पैर में चोट आई।

### वित्तीय क्षति पहुंचाने के मामले में सहायक राजस्व निरीक्षक की सेवा की समाप्त

**इंदौर।** निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी (मूलपद - सहायक राजस्व निरीक्षक) अरविंद नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में नायक पर लगे आरोप सही पाए गए। आरोपों के संबंध में नायक से स्पष्टीकरण भी मांगा था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 के प्रावधानतर्गत दीर्घशास्ति अधिरोपित करते हुए अरविन्द नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त किया गया। अरविंद नायक ने अपनी ड्यूटी के दौरान ग्राम बिचौली मर्दाना स्थित सम्पत्तिकर खाता कमांक 1001346534 में किए गए संशोधन के संबंध में प्राप्त शिकायत पर अपर आयुक्त (राजस्व) नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्तर से प्रेषित जांच प्रतिवेदन में उक्त सम्पत्ति कर खाता क्रमांक 1001346534 अग्रवाल पब्लिक स्कूल (लर्न बाय अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट) निगम रिकार्ड अनुसार जोन कमांक 19 वार्ड क्रमांक 76 में वर्ष 2014-15 से दर्ज होकर ये सम्पत्तिकर खाता ई-नगर पालिका पोर्टल पर 23 अगस्त 2025 की स्थिति में आवासीय / व्यवसायीक/होस्टल- कुल क्षेत्रफल 577006 वर्गफीट होकर कुल मांग 3,19,79,612 /- दर्ज होना पाई गई। ई-नगर पालिका पोर्टल पर संपत्तिकर खाता कमांक 1001346534 में आवासीय / व्यवसायीक-कुल क्षेत्रफल 315525 वर्गफीट की कुल संचयी मांग 1,82,88,053/- दर्ज होकर उक्त खाते में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, नायक ने अपनी यूजर आई.डी. से बिना सक्षम स्वीकृति लिए संशोधन करते हुए, निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाई थी। इसके लिए इन्हें निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए थे। विभागीय जांच में अरविंद नायक पर आरोप सिद्ध पाए गए।

### टूर पैकेज के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा इंदौर में कोलकाता के युवक पर केस दर्ज

**इंदौर।** गर्मी शुरू होते ही लोग घूमने-फिरने के लिए टूर पैकेज बुक कराने लगते हैं, लेकिन इंदौर के कुछ लोगों के लिए यह ट्रिप महंगी साबित हुई। टूर पैकेज लेने के बाद जब वे शिमला पहुंचे तो पता चला कि उनके नाम से न होटल बुक था और न ही गाड़ी की व्यवस्था की गई थी। शिकायत मिलने पर टूर एंड ट्रेवल्स संचालक को खुद के साथ भी करीब सवा दो लाख रुपए की ठगी का पता चला। मामले में तुकोगंज थाने में केस दर्ज कराया गया है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, शिवशक्ति नगर निवासी गौरव त्रिवेदी की शिकायत पर कोलकाता निवासी अरिंदम देय के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एडिशनल डीसीपी प्रियंका डूडवे ने बताया कि गौरव टूर एंड ट्रेवल्स का व्यवसाय करते हैं और लोगों को विभिन्न पैकेज के जरिए घूमने भेजते रहे हैं। गौरव की अरिंदम से ऑनलाइन माध्यम से पहचान हुई थी। शुरूआत में दोनों के बीच कुछ पैकेज डील हुईं, जिनमें आरोपी ने सही तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराईं। इससे गौरव को उस पर भरोसा हो गया। बाद में उन्होंने मनाली और अमरनाथ यात्रा के लिए बड़े पैकेज बुक किए। फरियादी के अनुसार, मनाली ट्रिप के लिए 8 लोगों का पैकेज एक लाख रुपए से अधिक में लिया गया था। वहीं अमरनाथ यात्रा के लिए 7 लोगों की होटल, गाड़ी और हेलीकॉप्टर बुकिंग का पैकेज करीब 1.14 लाख रुपए में तय हुआ। इस तरह आरोपी को कुल 2.26 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान यूपीआई के जरिए किया गया। जब इंदौर से गए पर्यटक शिमला पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके नाम से कोई बुकिंग ही नहीं हुई है। इसके बाद यात्रियों ने गौरव से संपर्क किया, तब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

इंदौर से दिल्ली-गुजरात तक बिजनेसमैन भी जाल में फंस चुके, अब वीडियो बड़े स्तर पर बेचने की तैयारी थी

# हनीट्रैप-2 में नेता और अफसरों के 100 आपत्तिजनक वीडियो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर एक बार फिर चर्चित हनी ट्रैप मामले के केंद्र में है, जिसने 2019 के हनी ट्रैप कांड की यादें ताजा कर दी हैं। हनी ट्रैप-2 की गूंज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात के साथ ही दिल्ली के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों तक पहुंच गई है। मामले में गिरफ्तार श्वेता विजय जैन, रेशू चौधरी और अलका दीक्षित से पूछताछ में लगातार ऐसे खुलासे हो रहे हैं, जिनसे कई रसूखदारों की चिंता बढ़ गई है।

पुलिस को रेशू के मोबाइल और डिजिटल डिवाइस में 100 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। ये वीडियो नेता, अफसरों और बिजनेसमैन के हैं। वो इन वीडियो से ब्लैकमेल कर करोड़ों रुपए वसूल चुकी है। जबकि कई अन्य सौदों पर भी काम चल रहा था। कुछ वीडियो बेचने की भी तैयारी चल रही थी। जांच में सामने आया कि रैकेट प्लांड तरीके से चलाया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, भोपाल से श्वेता विजय जैन पूरा नेटवर्क चलाती थी। श्वेता सीधे सामने आने के बजाय रेशू चौधरी को निर्देश और ट्रेनिंग देती थी। रेशू चौधरी अपने संपर्कों की जानकारी देती थी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति बनाई जाती थी।

### एमपी के विधायक, छत्तीसगढ़ के पुलिस अफसर गुजरात के बिजनेसमैन शिकार

- सिंडिकेट का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था। मध्य प्रदेश में जांच के दायरे में एक विधायक, मालवा-निमाड़ के कुछ नेता और एक पूर्व अधिकारी हैं। छत्तीसगढ़ के एक डीआईजी रैंक के अधिकारी का नाम भी है। दिल्ली के एक वरिष्ठ नेता और गुजरात के एक उद्योगपति भी इसके शिकार बताए जा रहे हैं। दिल्ली के एक नेता से 4 करोड़ रुपए वसूलने की साजिश भी जांच के दायरे में है।
- पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वीडियो को बड़े स्तर पर बेचने की तैयारी में थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक संपर्कों और संभावित आर्थिक सौदों के संकेत मिले हैं। जांच में ये भी संकेत मिले हैं कि एक विधायक से जुड़ा वीडियो राजनीतिक दबाव बनाने के उद्देश्य से साझा किया गया था।

# देवास पटाखा फैक्ट्री हादसे में दो और मौत

## मृतकों की संख्या 8 पहुंची, एमवाय अस्पताल में भर्ती मरीजों ने तोड़ा दम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास जिले के टोंककला में 14 मई को हुए पटाखा फैक्टरी हादसे में झुलसे अजय और निरंजन ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार रात इलाज के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। फैक्ट्री विस्फोट के बाद से दोनों का उपचार एमवायएच में चल रहा था। बर्न यूनिट में दोनों मरीजों की हालत अभी बेहद गंभीर बनी हुई थी। दोनों बिहार के रहने वाले थे।

वहीं इंदौर के एमवाय अस्पताल में एडमिट एक मरीज की सोमवार रात मौत हो गई थी। सोमवार को जिस मरीज की मौत हुई थी उसका नाम राम (20) पिता मुकेश कुमार था। वहीं हादसे में घायल विशाल (25) को सिर में गंभीर चोट आने के बाद न्यूरो सर्जरी वार्ड में एडमिट है। धमाके के दौरान विशाल दूर जाकर गिर पड़ा था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून का थक्का जम गया। विशाल की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। विशाल को आज दोपहर 1 बजे बाद डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।



बर्न यूनिट में संक्रमण की आशंका को देखते हुए पांच नर्सिंग कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। उधर, चोइथराम हॉस्पिटल में एडमिट चार मरीजों में से तीन को सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। अभी यहां एक मरीज एडमिट है। उसकी हालत ठीक है। उसे बुधवार को डिस्चार्ज किया जाएगा।

देवास जिले के टोंककलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मृत मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार के थे। शुरूआत में धीरज, सनी और सुमित की मौत की जानकारी सामने आई थी। गुरुवार देर रात अमलतास अस्पताल में इलाजरत दो मजदूर अमर और गुड्डू ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई थी। अब राम की मौत सहित मृतकों की संख्या 8 हो गई है।

ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। फैक्ट्री की दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और आसपास के मकान तक हिल गए। हादसे के बाद झुलसे मजदूर बदहवास हालत में बाहर निकलते दिखे। कुछ लोगों के कपड़े बदन से चिपक गए थे। फैक्ट्री के बाहर बाल और जले अवशेष बिखरे पड़े मिले।

# गुलाब बाग गोलीकांड, पुलिस टीम भिंड और शिवपुरी रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित गुलाब बाग कॉलोनी में गुरुवार रात बदले की आग में एक खूनी गैंगवार सामने आई। बदमाशों ने अवितेंद्र पुत्र अटल सिंह तोमर निवासी अग्रवाल नगर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक हत्या को अंजाम गुलशन यादव, गौरव जाट उर्फ डिल्लू और उनके अन्य साथियों ने दिया। वारदात को 2024 में हुए विष्णु यादव हत्याकांड का बदला बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार अवितेंद्र अपनी क्रेटा कार में दो साथियों के साथ बैठा था, तभी दो बाइक पर सवार पांच बदमाश वहां पहुंचे और दूर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में अवितेंद्र को दो गोलियां लगीं, जबकि दो अन्य गोलियां पास खड़ी कारों में जा लगीं। हमलावर राइफल जैसे हथियार से फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। अवितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### एक दिन पहले इंदौर पहुंचे हमलावर कर रहे थे रेकी

लसूड़िया पुलिस ने बताया कि अवितेंद्र के खिलाफ भिंड सहित कई थानों में दो दर्जन से अधिक गंभीर अपराध दर्ज थे। वह अवैध रेत कारोबार से भी जुड़ा हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया है कि हमलावर एक दिन पहले ही इंदौर पहुंच गए थे और लगातार अवितेंद्र की रेकी कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी सुबह से उसकी गतिविधियों पर नजर रखता दिखाई दिया है। जानकारी के मुताबिक नवंबर 2024 में हुए विष्णु यादव हत्याकांड में अवितेंद्र भी आरोपी था। उस मामले में विष्णु यादव की हत्या के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बातचीत भी चल रही थी, लेकिन गुलशन यादव अपने भाई विष्णु की हत्या का बदला लेने की कसम खा चुका था। इसी रंजिश के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

### समाजसेवी की देह मेडिकल कॉलेज को समर्पित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) को सनातन परंपरा में दान, सेवा और पुण्य कार्यों का विशेष मास माना जाता है। ऐसे पावन समय में इंदौर में मानवता और सेवा की मिसाल देखने को मिली, जब समाजसेवी हेमंत चौहान के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान, त्वचादान और देहदान का निर्णय लेकर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया।

75 वर्षीय हेमंत चौहान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। शोक की इस घड़ी में भी परिवार ने संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय देते हुए यह फैसला लिया कि जीवनभर समाजसेवा में सक्रिय रहे हेमंत चौहान मृत्यु के बाद भी लोगों के काम आएं। उनकी बेटी कविता रोड़े ने परिजनों की सहमति से यह बड़ा निर्णय लिया। इसके बाद मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी और संदीपन आर्य से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराई गईं। मध्यप्रदेश शासन की ओर से हेमंत चौहान को शासकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। बड़ी संख्या में समाजजन भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। परिवार ने उनकी देह सुखसागर मेडिकल कॉलेज को देहदान के रूप में समर्पित की, ताकि मेडिकल शिक्षा और शोध कार्यों में उसका उपयोग हो सके। वहीं उनके नेत्र शंकर नेत्रालय को दान किए गए, जबकि त्वचा चोइथराम अस्पताल स्किन बैंक को समर्पित की गई।

### युवक की संदिग्ध मौत, पुलिस जुटी जांच में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र के एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। वह घर पर दोस्तों से मिलने जाने का बोलकर निकला था। इधर, घटना को लेकर परिजन ने भी शंका जाहिर की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक सुविधि नगर निवासी रोहित (32) पिता लालराम बरबेले की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि रोहित कल रात को पत्नी को बोलकर गया था वह होटल शुभ पैलेस में अपने दोस्तों से मिलने जा रहा है।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com